# Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

विषय-वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी टीम

## सितम्बर - 2025

**CURRENT AFFAIRS (September-2025)**

**PUBLISHER**

**MAHECHA PUBLICATION**

**PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026**

**E-mail:** thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

***The Notes Hub***

**+91 7300134518, +91 7610010054**

MAHECHA PUBLICATION

# विषय-सूची


| विषय-वस्तु | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 1. राजस्थान परिदृश्य | 3 – 17 |
| 2. राष्ट्रीय परिदृश्य | 18 – 34 |
| 3. अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 35 – 39 |
| 4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 40 – 44 |
| 5. खेल-कूद | 45 – 47 |
| 6. महत्त्वपूर्ण दिवस | 48 |
| 7. महत्त्वपूर्ण पुस्तकें | 49 |
| 8. अति महत्त्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 50 – 54 |
| 9. टॉपर्स टॉक | 55 – 56 |


Springboard ACADEMY

मूल्य : 30/- रुपये


© *All Rights Reserved By Publisher*

***नोट:***–*इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुन:प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके-इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम-से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

# 01 राजस्थान परिदृश्य

## चर्चित व्यक्तित्व

### नियुक्तियाँ

- **राजेश्वर सिंह** – सेवानिवृत्त IAS अधिकारी राजेश्वर सिंह को राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने 16 सितम्बर, 2025 को नियुक्ति आदेश जारी कर **'8वां राज्य निर्वाचन आयुक्त'** नियुक्त किया।
  - जुलाई 2021 से जुलाई 2024 तक 3 साल तक राजस्व बोर्ड, अजमेर के अध्यक्ष पद पर भी रहे।
  - 7वें राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता।
- **RPSC में तीन नवीन सदस्य** – 23 सितम्बर, 2025 को राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े द्वारा भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 316 (1)** के अन्तर्गत तीन नए सदस्य नियुक्त किए।
  1. IPS हेमंत प्रियदर्शी
  2. डॉ. अशोक कुमार कलवार
  3. डॉ. सुशील कुमार बिस्सू
- **संजीव प्रकाश शर्मा** – राजस्थान उच्च न्यायालय के 43वें मुख्य न्यायाधीश के.आर.श्रीराम कार्यग्रहण के सिर्फ 69 दिन बाद सेवानिवृत्त होने पर इनको **'कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश'** नियुक्त किया गया।
- **डॉ. मोहन चौधरी** – 27 सितम्बर-5 अक्टूबर, 2025, तक नई दिल्ली में आयोजित **'वर्ल्ड पैरा एथलीट चैम्पियनशिप'** में राजस्थान के शिक्षा विभाग में कार्यरत जिसे तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया।

## चर्चित स्थान

### जोधपुर

- **राजस्थान का प्रथम दृष्टिबाधित महाविद्यालय** – 21 सितम्बर, 2025 को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जोधपुर के चौखा स्थित रामराज नगर में श्री पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय का शुभारंभ तथा नेत्रहीन विकास संस्थान अध्यक्ष सुशीला बोहरा की जीवनी **'मैं न थकी न हारी'** पुस्तक के ब्रेल संस्करण का विमोचन भी किया।
- लालसागर वन खंड में **मातृ वन** की स्थापना एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत् 5 सितम्बर, 2025 को की गई।

### बाड़मेर

- **मालाणी महोत्सव** – कला-साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित सांस्कृतिक सृजन पखवाड़ा के अंतर्गत 27-28 सितम्बर, 2025 तक **किराड़ू, बाड़मेर** में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर एवं जिला प्रशासन, बाड़मेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित।

### दौसा

- **आभानेरी उत्सव** – 26-27 सितम्बर, 2025 तक चाँदबावड़ी आभानेरी, दौसा में पर्यटन विभाग, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एवं जिला प्रशासन, दौसा द्वारा आयोजित।

### डूंगरपुर

- कोटा के बाद **'राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा हैगिंग ब्रिज'** डूंगरपुर जिले के चीखली ग्राम पंचायत में बनकर तैयार हुआ।

## चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

### विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना

- **मंजूरी** – 23 अगस्त, 2025 कैबिनेट बैठक में।
- **उद्देश्य** – युवाओं में स्वरोजगार की भावना को प्रोत्साहित करके उद्यमशीलता को बढ़ावा देना।
- **पात्रता** – 18-45 आयु वर्ग के युवाओं को वित्तीय संस्थानों के माध्यम से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाना।
- योजना के तहत् अधिकतम 2 करोड़ रूपये तक के ऋण पर 8% ब्याज अनुदान दिया जाएगा।
- महिला, SC & ST दिव्यांग, ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित उद्यम, कार्डधारक बुनकर एवं शिल्पकारों को 1 करोड़ से अधिक और 2 करोड़ रूपये तक के ऋण पर 1% अतिरिक्त ब्याज अनुदान।

- ऋण पर अधिकतम 5 लाख रूपये की मार्जिन मनी अनुदान का प्रावधान।

## राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025

- **चर्चा में** – 3 सितम्बर, 2025 को राजस्थान विधानसभा ने राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025 को उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने प्रस्तुत किया।
- **मुख्य प्रावधान** –
  1. **एकमुश्त शुल्क नहीं** –
     - कोचिंग सेंटरों को पूरी फीस अग्रिम लेने से प्रतिबंधित किया गया।
     - यदि कोई छात्र बीच में ही पढ़ाई छोड़ देता है, तो उसे ट्यूशन और छात्रावास शुल्क आनुपातिक रूप से वापस करना होगा।
  2. **किश्तों में भुगतान अनिवार्य** –
     - कोचिंग संस्थानों को एकमुश्त आवश्यकता के बजाय, कम से कम चार समान किश्तों में शुल्क भुगतान लेना होगा।
  3. **न्यूनतम छात्र संख्या में वृद्धि**
     - कोचिंग सेंटर के पंजीकरण की आवश्यकता न्यूनतम 50 छात्रों से बढ़कर 100 कर दी गई है- ताकि छोटे या असंगठित केन्द्रों को अपने संचालन को वैध बनाने में सहायता मिल सके।
  4. **उल्लंघनों पर कम दंड** –
     - **प्रथम उल्लंघन** – जुर्माना रु. 2 लाख से घटाकर रु. 50,000 किया गया।
     - **द्वितीय उल्लंघन** – जुर्माना रु. 5 लाख से घटाकर रु. 2 लाख किया गया।
     - लगातार गैर-अनुपालन पर केन्द्र का पंजीकरण रद्द किया जाएगा।
  5. **नियामक प्राधिकरण की स्थापना** – निगरानी, प्रबंधन, पारदर्शिता, ऑनलाइन पोर्टल।
  6. **छात्र कल्याण अधिदेश** –
     - कोचिंग सेंटर को छात्रों हेतु मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता उपलब्ध करवाने होंगे।
     - छात्रों को तनावमुक्त, अभिभावक छात्र बात-चीत के अवसर, भ्रामक प्रचार संबंधी दावों का कुशल प्रबंधन करना।

## राजस्थान धर्मांतरण विरोधी (निषेध) विधेयक

- **अनुमोदन** – 09 सितम्बर, 2025 को राजस्थान सरकार ने 'राजस्थान धर्मांतरण विरोधी (निषेध) विधेयक, 2025' को जनहित में मंजूरी दी।
- **उद्देश्य** – कठोर दंड, भारी जुर्माना और संस्थागत निगरानी के माध्यम से जबरन धर्मांतरण की रोकथाम।
- **जबरन धर्मांतरण**– बलपूर्वक, धोखाधड़ी/छल कपट, आर्थिक प्रलोभन, ऑनलाइन प्रलोभन और धर्मांतरण के माध्यम से विवाह का झांसा देना या सामाजिक द्वेषता के तहत् इस क्रिया को अंजाम देना।
- **दंड और जुर्माना** –

| | |
|---|---|
| 1. छल कपटपूर्वक धर्मांतरण | कारावास = 7-14 वर्ष<br>जुर्माना = रु. 5 लाख |
| 2. अल्पवयस्क, महिला, SC & ST, दिव्यांग धर्मांतरण | कारावास = 10-20 वर्ष<br>जुर्माना = रु. 10 लाख |
| 3. सामूहिक धर्मांतरण | कारावास = 20 वर्ष से आजीवन<br>जुर्माना = रु. 25 लाख |
| 4. धर्म परिवर्तन हेतु विदेशी/अवैध संस्थाओं से धन प्राप्तकर्त्ता | कारावास = 10-20 वर्ष<br>जुर्माना = रु. 10 लाख |
| 5. धर्मांतरण हेतु किसी व्यक्ति को जीवन, संपति के लिए धमकाने, झांसा देकर विवाह करना। | कारावास = 20 वर्ष से आजीवन<br>जुर्माना = रु. 30 लाख |

### *धर्मांतरण विरोधी कानून निम्न राज्यों में लागू है।*

- *अरूणाचल प्रदेश में* 1978, आंध्र प्रदेश में 2007, उत्तराखंड में 2018, हिमाचल प्रदेश में 2019, उत्तर प्रदेश में 2021, कर्नाटक में 2021 और हरियाणा में 2022 में धर्मांतरण विरोधी कानून लाए जा चुके है।

- **मुख्य ध्यात्वय बिन्दु** –
  - धर्मांतरण में लिप्त व्यक्ति को जिला मजिस्ट्रेट को 90 दिन पूर्व सूचित करना होगा।
  - धार्मिक प्राधिकारी को 60 दिन पूर्व सूचित करना होगा।
  - जबरन धर्मांतरण के पीड़ित को रु. 10 लाख तक का मुआवजा देना होगा।
  - **'लव जिहाद'** (विवाह प्रेरित-धर्मांतरण) अवैध घोषित।
  - जबरन धर्मांतरण में सहयोग करने वाले व्यक्ति, संस्थान, NGO को 1 करोड़ रूपये का जुर्माना, पंजीकरण रद्द, सभी अपराध संज्ञेय, गैर-जमानती होंगे।
  - सभी मामलों की सुनवाई सत्र न्यायालय में होगी।

## राजस्थान मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) विधेयक, 2025

- **पारित** – 8 सितम्बर, 2025
- **प्रथम बार अपराध पर दंड** –
  - **पूर्व में** = रु. 500 जुर्माना/ 3 माह कैद या दोनों
  - **वर्तमान** = रु. 25000 जुर्माना/ 3 माह कैद या दोनों
- **द्वितीय बार अपराध पर दंड** –
  - **पूर्व में** = रु. 1000 जुर्माना
  - **वर्तमान** = रु. 50,000 जुर्माना/ 6 माह कैद या दोनों
- **तृतीय बार अपराध पर दंड** – प्रत्येक अपराध पर पूर्ववत दंड, जुर्माना, जेल या दोनों।
- **उद्देश्य** – मत्स्य अपराधों पर सख्ती करना, बिना अनुमति पत्र, विस्फोटक/विष से मछली पकड़ने पर रोक, जुर्माना और सजा अवधि बढ़ाई गई।

## बर्तन बैंक योजना

- **उद्देश्य** – ग्रामीण क्षेत्रों में **प्लास्टिक मुक्त आयोजनों** को बढ़ावा देना एवं **पर्यावरण संरक्षण** की दिशा में राजस्थान सरकार का नवाचारी कदम।
- **बजट 2025-26** - प्रथम चरण में 1,000 ग्राम पंचायतों को एक-एक लाख रु. के स्टील बर्तन उपलब्ध करवाए गए।
  - बर्तनों का उपयोग-ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित सामाजिक-आर्थिक आयोजनों में किया जाएगा।
- **प्रदेश का प्रथम बर्तन बैंक** – खैराबाद पंचायत समिति (कोटा) में स्थापित।
- **बर्तन पैटर्न** –
  1. न्यूनतम 400 बर्तन सेट, प्रत्येक बर्तन सेट में 6 आइटम।
  2. प्रत्येक बर्तन सेट में 1 थाली, 3 कटोरी, 1 चम्मच व 1 गिलास शामिल।
  3. यदि किसी बर्तन में टूट-फूट या गुम होने की स्थिति-उसका मूल्य उपयोगकर्त्ता देगा।
  4. प्रत्येक बर्तन सेट के लिए 3 रु. प्रति उपयोग किराया निर्धारित।
- **संचालन एवं निगरानी** – राजीविका द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से।
- **चयन प्रक्रिया** – **'पहले आओ-पहले पाओ'** के सिद्धांत पर आधारित जिसे जिला स्तरीय समिति द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।
- **समिति की संरचना** –
  1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी
  2. अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी
  3. अधिशासी अभियंता जिला परिषद्
  4. जिला परियोजना समन्वयक (राजीविका)

## नवीन हिल पॉलिसी (मॉडल विनियम-2024)

- वर्ष 2018 में राजस्थान उच्च न्यायालय ने पुरानी पॉलिसी को निरस्त कर दिया था।
- **'माउंट आबू इको सेंसटिव जोन'** को छोड़कर पूरे राज्य के अधिघोषित नगरीय क्षेत्रों में प्रभावी होगी।
- 15 डिग्री से अधिक ढलान वाली पहाड़ियों पर निर्माण निषेध।
- पहाड़ियों को ढलान के आधार पर तीन श्रेणियों में वर्गीकृत –
  1. **श्रेणी 'अ' (8 डिग्री तक का ढलान)**
     - ✓ इस क्षेत्र में मास्टर प्लान में अनुज्ञेय उपयोगों के अनुरूप भू-उपयोग परिवर्तन एवं निर्माण की अनुमति।
  2. **श्रेणी 'ब' (8-15 डिग्री तक का ढलान)**
     - ✓ अनुमत गतिविधियाँ – फार्महाउस, रिसॉर्ट्स, वेलनेस सेंटर कैंपिंग साइट्स और ऊर्जा संयंत्र।
  3. **श्रेणी 'स' (15 डिग्री से अधिक का ढलान)**
     - ✓ किसी भी प्रकार का निर्माण अनुमत नहीं होगा केवल सीमित सार्वजनिक उपयोग ही सशर्त अनुमत होंगे।
- **जल संरचनाओं और बफर जोन का विशेष संरक्षण**
  - श्रेणी **'ब'** और **'स'** क्षेत्रों में जल स्त्रोतों के बफर जोन को लेकर विशेष प्रावधान-
    1. 10 मीटर से अधिक चौड़ाई वाली नहरों, नालों और स्टॉर्म वाटर ड्रेनों के किनारे 9 मीटर का बफर अनिवार्य।
    2. छोटे जल निकायों या बावड़ियों के चारों और 6 मीटर का बफर जोन तय किया गया।
    3. जीव जलाशयों की सीमा निर्धारित नहीं है, उसे सिंचाई विभाग तय करेगा।
    4. संबंधित विभागों से NOC (अनापत्ति प्रमाणपत्र) प्राप्त करना अवश्यक होगा।
    5. राजस्थान झील संरक्षण एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2015 और पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचनाएँ भी मान्य होगी।

- **सामान्य शर्तें व अनिवार्य प्रावधान**
  1. श्रेणी 'ब' क्षेत्रों में प्रस्तावित क्षेत्रफल का कम से कम 40% भाग स्थानीय वृक्षों से सघन वृक्षारोपण हेतु आरक्षित करना होगा।
  2. जल-मल निस्तारण हेतु बायो-डाइजेस्टर प्रणाली, निर्माण के समय प्राकृतिक नालों को बाधित न होने देना।
- **उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई–**
  1. निर्माण मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर 15 दिनों के भीतर नोटिस जारी किया जाएगा।
  2. आवश्यकता पड़ने पर निर्माण ध्वस्त, पुनर्भरण राशि भी निर्माणकर्त्ता से वसूली जाएगी।
  3. पंजीकृत तकनीकीविदों द्वारा अनुचित कार्य या जानकारी छिपाने पर पंजीकरण निलंबित।

## ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर, 2025

- **टैगलाइन**–'जन-जन के साथ, विकास और अंत्योदय का मार्ग'
- **ग्रामीण सेवा शिविर**
  - **शुभारंभ** – बिराजपुरा (टोडाभाटा), बस्सी (जयपुर)
  - **तारीख** – 17 सितम्बर, 2025
  - पूर्व में 18 सितम्बर से आयोजित होने वाले 'गाँव चलो अभियान' का नाम ग्रामीण सेवा शिविर किया गया।
  - **अवधि** – जब तक कि प्रत्येक पंचायत समिति की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित ना हो जाए।
- **शहरी सेवा शिविर** –
  - **शुभारंभ** – मालवीय नगर सामुदायिक केन्द्र, जयपुर
  - **तारीख** – 17 सितम्बर, 2025

## शिविरों में होने वाले प्रमुख कार्य

**• ग्रामीण सेवा शिविर •**

- रास्ते खोलना, आपसी सहमति से विभाजन एवं नामान्तकरण।
- लम्बित नोटिसों की तामीली एवं कार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण करवाया जाना।
- मूल निवास, जाति प्रमाण-पत्र एवं स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व पट्टे बनाना एवं वितरण करना, किसान गिरदावरी एप द्वारा गिरदावरी करवाना।
- दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना हेतु 10 हजार और गांवों का बीपीएल सर्वे।
- पशुओं की जांच, इलाज एवं टीकाकरण।
- विधायक, सांसद स्थानीय क्षेत्र कार्यक्रम और क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम द्वारा स्कूलों इत्यादि की मरम्मत हेतु स्वीकृतियां एवं कार्य।
- वृक्षारोपण, नमो वन को विकसित करना एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्य।
- क्षतिग्रस्त स्कूलों, आंगनवाडी, छात्रावासों एवं सडकों के सुधार के कार्य।
- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़े कार्य।
- पीएमजेवाई कार्ड बनाना एवं वितरित करना एवं बीज मिनी किट वितरण।
- PMJDY, PMJIBY, PMSBY, APY एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत गतिविधियाँ।
- NFSA अन्तर्गत लंबित प्रकरणों का निरतारण, सदस्यों की ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग करना।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री घुमन्तु आवास योजना एवं UDID कार्ड बनाने से सम्बंधित कार्य।
- महिलाओं के लिए मेटरनिटी न्यूट्रिशन योजना।
- जनहानि, पशुहानि एवं मकानों के नुकसान के आवेदन प्राप्त करना एवं स्वीकृति जारी करना।

**• शहरी सेवा शिविर •**

- सफाई व्यवस्था में सुधार एवं ब्लेक स्पॉटों की समाप्ति।
- सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था के तहत बंद पड़ी लाइटों को चालू करना।
- सईजिंग राजस्थान के प्राप्त निवेश प्रस्तावों हेतु भूमि चिन्हीकरण, स्वीकृतियाँ।
- जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीयन, फायर एन. ओ. सी., ट्रेड लाईसेंस, साईनेज लाईसेंस, सीवर कनेक्शन, ओ. एफ. सी.-मोबाइल टावर एन. ओ. सी./ई. डब्ल्यू. एस. प्रमाण पत्र आदि जारी करना।
- नमो मार्क को विकसित करना एवं सड़क मरम्मत/पेच वर्क के कार्य करना।
- आवारा पशुओं को पकड़ना।
- पार्किंग स्थलों का चिन्हीकरण कर, विकसित करना।
- नालियों की मरम्मत, फेरोकवर व मैन हॉल्स की मरम्मत, सीवर लाईन के लीकेज की मरम्मत।
- पीएम और सीएम स्वनिधि योजना के तहत आवेदन प्राप्त करना एवं लम्बित प्रकरणों को ऋण वितरण करना।
- कृषि भूमि के पर बसी आबादियों में लीज होल्ड/फ्री होल्ड पट्टे जारी करना।
- लीज मुक्ति प्रमाण-पत्र, नामान्तरण एवं नाम हस्तातन्तरण।
- निकायों की योजनाओं में विक्रय आवंटित भूमि/भूखण्ड के लीज होल्ड/फ्री होल्ड पट्टे जारी करना।
- लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे (आवंटन नीति, कच्ची बस्ती, स्टेट ग्रांट के पट्टे, नियम 1974 के नियम 18 से 19 में आवंटित भूमि को छोड़कर)।
- अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन आदि।

## राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान महाविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025

- विधानसभा में ध्वनिमत से पारित
- एम्स की तर्ज पर जयपुर में बनेगा **'सुपर स्पेशियलिटि राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान'**
- RUHS का होगा उन्नयन, 40 एकड़ में निर्मित होगा रिम्स (राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान)

## राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

- **आयोजन** – 5 सितम्बर, 2025 बिड़ला सभागार, जयपुर
- **सम्मान** – 75 शिक्षको को सम्मानित (66 शिक्षको का चयन मैरिट तथा 09 का सरकार के स्तर पर चयन)
- झुंझुंनू-फलौदी से सर्वाधिक 6-6 और जयपुर से 3 शिक्षक सम्मानित।
- 13 ऐसे जिले रहे जिनमें से एक भी शिक्षक का चयन नहीं हुआ।

## हवाई पट्टियों की भूमि लीज आवंटन नीति

- **मंजूरी** – 23 अगस्त, 2025, राजस्थान सरकार
- **उद्देश्य** – एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा देना, वर्तमान में कम उपयोग में आ रही हवाई पट्टियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना।
- **प्रावधान** –
  - भूमि का लीज शुल्क 100 रु. प्रति वर्ग मीटर प्रतिवर्ष तथा कंसेशन शुल्क 6 लाख रु. प्रति एयरस्ट्रिप प्रति वर्ष होगा।
  - पहले 5 वर्षो तक दरों में 5% एवं 6वें से 20वें वर्ष तक 10% वार्षिक वृद्धि की जाएगी।
  - लीज अवधि अधिकतम 20 वर्ष की होगी।
  - अधिकतम 2000 वर्गमीटर भूमि आवंटित की जा सकेगी।
- **विशेष** –
  - केन्द्र सरकार द्वारा जयपुर हवाई अड्डे पर स्थापित राज्य टर्मिनल के निर्माण के लिए 12,778 वर्गमीटर भूमि आवंटित।
  - किशनगढ़ हवाई अड्डे हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को निःशुल्क भूमि आवंटन।
  - क्षेत्रीय हवाई संपर्क (RCS) उड़ानों के लिए विमान ईंधन पर वैट को 26% से घटाकर 1% किया गया
  - प्रदेश में राज्य सरकार की 19 हवाई पट्टियाँ है।

## RSRTC की 160 ब्लू लाइन एक्सप्रेस बसें

- **शुभारंभ** – 6 सितम्बर, 2025 को मुख्यमंत्री द्वारा अमर जवान ज्योति स्मारक, जयपुर से।
- RSRTC की 160 ब्लू लाइन एक्सप्रेस बसों के फ्लैग ऑफ के साथ ही जयपुर से काठगोदाम (कैंचीधाम, उत्तराखण्ड) हेतु सुपर लग्जरी बस।
- **अनुपालना बस डिपो** – 12 विभिन्न बस डिपो (वैशाली नगर, विद्याधर नगर, शाहपुरा, जयपुर, हिण्डौन, दौसा, अजमेर, अजयमेरू, कोटपूतली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा)
- **पैनिक बटन सेवा** – सुरक्षित सफर, आपात स्थिति में अभय कमांड सेंटर से तुरंत राहत।
- **परीक्षार्थी** – राज्य सरकार ने परीक्षार्थियों को परीक्षा से दो दिन पूर्व से लेकर परीक्षा के दो दिन बाद तक कुल 5 दिन निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की।
- **वरिष्ठ नागरिक** – 60-80 आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के किराये में छूट 30% से बढ़ाकर 50% कर दी।

## शेखावाटी हवेली संरक्षण

- **बजट घोषणा** – वर्ष 2025-26 में शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना।
- **चिन्हित** – योजना में झुंझुंनू, सीकर, चुरू से अब तक 662 ऐतिहासिक हवेलियाँ चिन्हित की गई।
- **विकास** – हैरिटेज वॉक, सांस्कृतिक केन्द्र, आर्ट गैलरी, होम स्टे, टूरिज्म हब के रूप में।
- **ज्वाइंट कमेटी का गठन** – शेखावाटी के रामगढ़, नवलगढ़, मंडावा, खेतड़ी, लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर और महनसर कस्बों की विरासत संरक्षण हेतु।

- शेखावाटी हवेलियों को कुल 30 हैरिटेज प्रमाण पत्र, 50 अब तक पर्यटन को लेकर MoU हुए है।

### महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025

- **अनुमोदन** – 19 सितम्बर, 2025 कैबिनेट बैठक, राजस्थान सरकार 'द महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जयपुर बिल–2025' का।
- **राज्य बजट 2024-25 :** खेलो और शारीरिक शिक्षा तथा युवाओं को आधुनिक उपकरणों के साथ वैज्ञानिक प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने हेतु इस यूनिवर्सिटी के स्थापना की घोषणा की गई थी।
- **नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)** - 2020 व सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में कार्य करेगा।

### राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम में संशोधन

- राजस्थान सरकार द्वारा 19 सितम्बर, 2025 को कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया।

**संसदीय** कार्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम-1996 के नियम 62(IV) में दिवंगत कार्मिक के माता-पिता के मामले में कार्मिक की कुल परिलब्धियों की 30% पारिवारिक पेंशन दिए जाने का प्रावधान है।

- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस नियम को विलोपित करने का निर्णय लिया गया। अब माता-पिता को भी नियम 62(III) के अनुसार ही बढ़ी हुई पेंशन (अधिकतम 50% तक) का लाभ प्राप्त हो सकेगा, जो कार्मिक के जीवित होने पर बनती है।
- साथ ही, राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम-1996 के नियम 67 में संशोधन की स्वीकृति भी आज दी गई।
- इस संशोधन के अनुसार अब मानसिक या शारीरिक निशक्तता से ग्रसित पुत्र अथवा पुत्री को विवाह उपरांत भी पारिवारिक पेंशन प्राप्त हो सकेगी।

## पुरस्कार/सम्मान

### ममता देवड़ा, अजमेर

- आदर्श समाज समिति इंडिया द्वारा **'गाँधी सेवा रत्न पुरस्कार 2025'** से उनके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कला और सामाजिक कल्याण में असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### डॉ. हिमांशु भाटिया

- बीकानेर निवासी, हिंदी साहित्य में उत्कृष्ट योगदान हेतु वर्ष 2025 के **'हिंदी सेवा पुरस्कार–2025'** से भाषा एवं पुस्तकालय सेवा विभाग, जयपुर द्वारा सम्मानित किया गया (पुरस्कार राशि – रु. 50,000)
- **पुस्तक : सेरेब्रल पाल्सी** – चिकित्सकीय पक्ष एवं दिव्यांग व्यथा, कथा और कानून।

### अलवर और उदयपुर सम्मानित

- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण, 2025 में 10 सितम्बर, 2025 को राजस्थान के अलवर एवं उदयपुर को सम्मानित किया गया।
  - **अलवर** – 'क्लीन एयर फार ऑल' हेतु।
  - **उदयपुर** – 'वेटलैंड सिटी एक्रिडिटेशन स्कीम' हेतु।

### पं. सुरेश मिश्रा

- जयपुर निवासी, सुरेश मिश्रा को प्रधानमंत्री संग्रहालय नई दिल्ली में **'राष्ट्रीय अटल अवॉर्ड, 2025'** से सम्मानित किया गया।

### 67 वाँ रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, 2025

- **घोषणा** – भारतीय गैर लाभकारी संस्था **'एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली'** को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, 2025 हेतु।
- **एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली संस्था**
  - **स्थापना** – 2007 में सफीना हुसैन द्वारा
  - **मुख्यालय – राजस्थान**
  - **उद्देश्य** – दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों की ड्रॉप आउट लड़कियों व स्कूल न जाने वाली गर्ल्स को पुन: शैक्षिक गतिविधियों से जोड़ना।
  - पाली, जालौर साहित कई जिलों में कार्यरत है।
  - पुरस्कार पाने वाला प्रथम भारतीय संस्थान है।
- पुरस्कार समारोह, 7 नवम्बर, 2025 को मनीला फिलीपींस में आयोजित होगा।

## SMS ट्रोमा सेंटर, जयपुर

- सवाईमानसिंह हॉस्पिटल के न्यूरोट्रोमा एवं ट्रोमासेंटर को मिला **सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार, 2025**
- संस्थान ने इमरजेंसी में आने के बाद 6-8 मिनट में इलाज शुरू करने का दावा किया जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तय मानको से बेहतर है।
- **स्थापना** – 2014 (देश का सबसे बड़ा ट्रोमा एवं आधुनिक सेंटर)
- अंगदान के क्षेत्र में राजस्थान देश के शीर्ष 5 राज्यों में शामिल।

## राजस्थान शिक्षा विभाग

- **'डिजिटली शाला स्वास्थ्य परीक्षण'** पहल के लिए, राजस्थान शिक्षा विभाग को **'गोल्ड स्कॉच अवॉर्ड-2025'** से सम्मानित किया गया। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राजस्थान को **समग्र शिक्षा अभियान** के लिए 580 करोड़ रु. की राशि जारी की।
- **हरियालो राजस्थान के तहत् शिक्षा विभाग ने विश्व रिकॉर्ड बनाया–**
  - 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के तहत् 28 जुलाई को हरियाली तीज के अवसर पर एक ही दिन में 17 लाख 4000 से अधिक पाँच दुर्लभ लुप्तप्राय और संकटग्रस्त प्रजाति के पौधे यथा – खेजड़ी, खारापीलू, मीठापीलू, रोहिड़ा, फोग लगाने पर **वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में रिकॉर्ड** दर्ज हुआ।
  - 15 सितम्बर, 2025 को इसका प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भेंट किया गया।

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी

## माही बाँसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना

- **उद्घाटन** – 25 सितम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नापला ग्राम, बाँसवाड़ा (माही नदी के किनारे) में तथा 'अंत्योदय' एवं 'एकात्म मानववाद' के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय 109वीं जयंती कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।
- **अनुमानित लागत** = 42,000 करोड़ रु.
- **इकाईयाँ** = 700-700 मेगावॉट की कुल चार अत्याधुनिक
  कुल क्षमता = 2800 मेगावॉट
- राजस्थान को 42 हजार करोड़ रु. की परमाणु ऊर्जा परियोजना सहित 1 लाख 8 हजार 468 करोड़ रु. से अधिक परियोजनाओं एवं विकास कार्यो तथा **दो वंदे भारत एक्सप्रेस सहित तीन नई ट्रेनों की सौगात**
  1. बीकानेर और दिल्ली कैंट } वंदे भारत एक्सप्रेस
  2. जोधपुर और दिल्ली कैंट } वंदे भारत एक्सप्रेस
  3. उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन

**बांसवाड़ा** जिले की छोटी सरवन तहसील के गाँव आड़ीभीत, बारी, कटुम्बी, सजवानिया एवं रेल में माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना स्थापित की जाएगी।

- इस परियोजना की कुल क्षमता 2,800 मेगावाट होगी। इसमें 700-700 मेगावाट की 4 इकाइयां शामिल हैं। 602.72 हेक्टेयर भूमि पर संयंत्र तथा 57.43 हेक्टेयर भूमि पर कॉलोनी बनाई जाएगी।
- 42 हजार करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना में प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर तकनीक का उपयोग होगा।
- संयंत्र के लिए जल स्रोत माही नदी (माही बजाज सागर बाँध के अपस्ट्रीम से) निर्धारित किया गया है। परियोजना की प्रथम इकाई का वाणिज्यिक संचालन मई 2032 से प्रस्तावित है, जबकि शेष इकाइयां प्रत्येक 6 माह के अंतराल पर चालू की जाएंगी।
- यह परियोजना राजस्थान की दूसरी परमाणु ऊर्जा परियोजना होगी।

- 25 सितम्बर, 2025 को बाँसवाड़ा दौरे के तहत् प्रधानमंत्री ने निम्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

| केन्द्र सरकार की स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाएं | |
|---|---|
| **शिलान्यास** | |
| ❖ अश्विनी माही बाँसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियाजना 1-4 (4×700 MW) | ❖ पावरग्रिड की तीन पारेषण योजनाएँ, राजस्थान से मध्य प्रदेश, हरियाणा और पंजाब तक 15.5 GW अक्षय ऊर्जा की निकासी हेतु |
| ❖ 590 MW FDRE परियोजना (1560 MWp सौर तथा 2500 MWh BESS), बीकानेर (अवाडा) | ❖ 300 MW सौर पीवी परियोजना, रामगिरि, आंध्र प्रदेश (सेकी) |
| **उद्घाटन** | |
| ❖ 925 MW नोख सौर पार्क, फलोदी, राजस्थान (RSDCL) | ❖ 200 MW सौर परियोजना, बडनू, राजस्थान (अवाडा) |
| ❖ 400 MW सौर पावर परियोजन (JSW एनर्जी) | ❖ 300 MW सौर परियोजना परियोजना (ACME सोलर) |
| ❖ 300 MW सौर परियोजना (ईडन रिन्यूएबल्स) | ❖ पीएम–कुसुम घटक–C (फीडर स्तर सोलराइजेशन) के अंतर्गत<br>**विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा संयंत्र –**<br>1. राजस्थान (895MW)<br>2. महाराष्ट्र (2458MW)<br>3. मध्यप्रदेश (99MW)<br>4. कर्नाटक (65MW) |
| ❖ 200 MW सौर परियोजना (सनफ्री एनर्जी) | |

## कॉपर व गोल्ड के भंडार

- भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने **ब्यावर, राजस्थान** क्षेत्र में कॉपर व एसोसिएटेड गोल्ड के भंडार मिलने की पुष्टि की।
- कुरातिया व शाहपुरा क्षेत्र में भी यही भंडार मिले हैं।

## कोल आधारित विद्युत उत्पादन परियोजना

- **मंजूरी** – सितम्बर 2025 में केन्द्र सरकार की एम्पावर्ड कमेटी ने राजस्थान में 3200 मेगावॉट कोल आधारित परियोजना को स्थापित हेतु।
- **लाभ** – लगभग 40 हजार करोड़ का निवेश तथा राजस्व वृद्धि एवं रोजगार सृजन होगा।

## एनीमिया स्क्रीनिंग –राजस्थान अव्वल

- 17 सितम्बर, 2025 से संचालित **'स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान'** के तहत् आयोजित शिविरों में जनसंख्या के अनुपात में एनिमिया स्क्रीनिंग में राजस्थान प्रथम स्थान पर रहा।

## थैलेसीमिया कुटुंब योजना

- **शुभारंभ** – 17 सितम्बर, 2025 को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अवसर पर जयपुर से किया।
- राजस्थान में लगभग 4000 बच्चे थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित है।
- योजना के तहत् कोई भी एक संस्था एक थैलेसीमिया एक बच्चे के लिए वर्ष में 15-20 यूनिट रक्तदान की जिम्मेदारी लेगी।

> ○ ***थैलेसीमिया** – आनुवांशिक बीमारी, हिमोग्लोबीन की कमी, शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति ना होना, एनीमिया की स्थिति उत्पन्न होना।*

## संस्थागत प्रसव 94.9%

- एनएफएचएस-5 (राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण)सर्वे के अनुसार राज्य में संस्थागत प्रसव 94.9% है।
- राज्य में कुल 2065 डिलीवरी प्वाइंट संचालित है।

- गाँव-कस्बो तक सोनोग्राफी हेतु नि:शुल्क मा वाउचर योजना संचालित है।
- प्रदेश में मातृ मृत्यु दर घटकर 86 प्रति 1 लाख जीवित का जन्म दर्ज की गई जो राष्ट्रीय औसत से कम है।

# खेल गतिविधियाँ

## कियाना परिहार

- **चर्चा में** – उदयपुर की शतरंज खिलाड़ी ने अलमाटी, कजाकिस्तान में आयोजित **'वर्ल्ड कैडेट शतरंज चैम्पियनशिप, 2025' में U-10 गर्ल्स कैटेगरी** में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 11 राउंड में 8.5 अंक हासिल कर **कांस्य पदक** जीता।
- **उपलब्धियाँ** –
  - यह 8वाँ अंतर्राष्ट्रीय पदक है।
  - 2023 - एशियन यूथ चेस चैम्पियन का खिताब
  - 2024 - नेशनल U-9 चेस चैम्पियन
  - 2025 - ग्रीस में आयोजित विश्व कैडेट एवं यूथ ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में भी कांस्य पदक जीता।

## सुंदर गुर्जर

- **निवासी** – करौली, राजस्थान
- **चर्चा में** – नई दिल्ली में आयोजित **'विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, 2025'** में पुरूषों की भाला फेंक F-64 स्पर्धा में 64.76 मीटर भाला फेंक कर **रजत पदक** जीता।

# विविध

## सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा

- **उद्देश्य** – राजस्थान पुलिस द्वारा 01-15 सितम्बर, 2025 तक 'सुरक्षा सखियां' घर-घर जाकर महिलाओं को व्यक्तिगत सुरक्षा और उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करेगी।

## महत्वपूर्ण समझौते (MoU)

### राजस्थान सरकार + PNB

- 6 सितम्बर, 2025 को राजस्थान सरकार और पंजाब नेशनल बैंक के मध्य एक MoU पर हस्ताक्षर हुए।

  समझौते के तहत् – PNB ने राज्य की 'राइजिंग राजस्थान' पहल के तहत् आगामी पाँच वर्षों में रु. 21,000 करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।
- **उद्देश्य** – सामाजिक-आर्थिक विकास।
- **निवेश क्षेत्र** – डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, सड़क और परिवहन, शहरी परिवहन, ऊर्जा, पेयजल और स्वच्छता।

### मारूति सुजुकी + RTO

- राजस्थान के परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग (RTO) ने मारूति सुजुकी के साथ तीन वर्ष का समझौता किया है।
- **उद्देश्य** – राजस्थान में ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया हेतु आवेदकों को RTO कार्यालय में ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक पर परीक्षण देना होगा तथा प्रारम्भ में यह व्यवस्था प्रदेश के 20 RTO और DTO कार्यालयों में लागू होगी।
- मारूति सुजुकी कंपनी ट्रैक कैमरे, सैंसर तथा तकनीकी उपकरण उपलब्ध करवाएगी तथा संचालन RTO करेगा।

### पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, जोबनेर + बिट्स पिलानी

- राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय जोबनेर और बिट्स पिलानी के मध्य 15 सितम्बर, 2025 को समझौता हुआ।
- **उद्देश्य**– बिट्स पिलानी में स्थापित क्षेत्रीय टेक्नोलॉजी एनेबिलिंग संेटर और पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के बीच सहायोग।

### राजस्थान मंडपम – रीको + NBCC

- रीको और नेशलन बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कम्पनी के मध्य 10 सितम्बर, 2025 को समझौता हुआ।

- **उद्देश्य** – जयपुर में राजस्थन मंडपम, ग्लोबल कैपेबिलिटि सेंटर, आईटी टॉवर, 5 स्टार एवं 4 स्टार होटल, आवासीय और वाणिज्यिक टॉवर विकसित करना।
- राजस्थान मंडपम का निर्माण **विरासत से विकास** थीम पर होगा।

## राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव, 2025

- **आयोजन** – 8 सितम्बर, 2025 को बिड़ला सभागार, जयपुर।
- **विमोचन** – मसाला योजना फोल्डर, श्रम सम्मान कार्ड, राज-स्पाइस मोबाइल एप्लिकेशन।
- **इन्क्यूबेंशन सेंटर** – कृषि उपज की जाँच, छंटाई, ग्रेडिंग, गोदाम, कोल्ड स्टोरेज हेतु उपयोगी तथा राजस्थान में 8 सेंटरों की स्थापना की जाएगी।
- **वर्चुअल उद्घाटन** –
  1. **कृषि मंडी समिति** – आंगणवा, जोधपुर
  2. **मंडी यार्ड इन्क्यूबेंशन सेंटर** – सोहेला, टोंक
  3. **फूड पार्क** – सोनवा, टोंक
- **मसाला उत्पादन में राजस्थान (भारत में)**
  1. **जीरा** – प्रथम स्थान
  2. **मैथी और सौंफ** – द्वितीय स्थान
  3. **धनिया और अजवाइन** – तृतीय स्थान

## राजस्थान मिलेट एंड मस्टर्ड कॉन्क्लेव, 2025

- **आयोजन** – 14-18 सितम्बर, 2025 को जयपुर में फिक्की राजस्थान ने कृषि विभाग के सहयोग से।
- **थीम** – 'रेजिलिंएट क्रॉप्स विद इनोवेटिव टेक्नोलॉजीस'
- **विशेष** – आगामी ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (GRAM) 10-12 जनवरी, 2026 को GECC सीतापुरा, जयपुर में होगी।
- राज्य में कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों को बढ़ावा देने हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का CoE (उत्कृष्टता केन्द्र)

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की स्थापना

- **मंजूरी** – राजस्थान सरकार ने राजस्थान उच्च न्यायालय के परामर्श पश्चात **'आठ (08) जिलो'** में।
- **उद्देश्य** – प्रत्येक DLSA अपने संबंधित जिले के संपूर्ण राजस्व क्षेत्राधिकार को कवर करके व्यापक कानूनी सेवा प्रदान करेगा।
- **आठ जिले** – फलौदी, कोटपूतली-बहरोड़, डीडवाना-कुचामन, ब्यावर, सलूम्बर, बाड़मेर, डीग, भर्तृहरि नगर (पूर्व नाम – खैरथल-तिजारा)

## 5th राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट, 2025

- **आयोजन** – 12-14 सितम्बर, 2025 बिड़ला सभागार, जयपुर में राजस्थान आतिथ्य एवं पर्यटन महासंघ और राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा संयुक्त तत्वावधान में।
- राज्य सरकार पर्यटन विकास हेतु रु. 5,000 करोड़ का निदेश करेगी।

## मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई का राजस्थान दौरा

- सितम्बर, 2025 रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया।
  - रणथम्भौर अभयारण्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायाधीश के. विनोद चंदन की खंडपीठ ने 13 सितंबर, 2025 को महत्वपूर्ण सुनवाई की।
  - इस दौरान, कोर्ट ने राजस्थान में खासकर अवैध माइनिंग को लेकर कड़ी टिप्पणी की। यह सुनवाई टी. एन. गोडावर्मन मामले में पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन और वन्य जीवों के संरक्षण को लेकर हुई।
- 20 सितम्बर, 2025 को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के सभागार में, संविधान की 75वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में, बीकानेर बार एसोसिएशन द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया – जिसमें डॉ. बी.आर. गवई भी उपस्थित रहें, तथा बीकानेर में ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना के तृतीय चरण का उद्घाटन किया।

## राजस्थान के देशज/औषधीय पौधे

- **जलवायु** – कम वर्षा (300-400mm), तीक्ष्ण तापमान लगभग (48°C) और क्षारीय-रेतीली मिट्टी जैसी कार्बन जलवायु में भी अमूल्य मानव स्वास्थ्य के देशज पौधे राजस्थान में पनपते है।

- **उदाहरण** – केर, सांगरी, खेजड़ी, गुंदा, बेर, बेल आदि।
- **वैज्ञानिक प्रयोग** – काजरी, जोधपुर और ICSR-IIMR, हैदराबाद के शोधों ने भी इन पौधों को **सुपर फूड्स** की श्रेणी में रखा। यह प्राकृतिक पोषक तत्व, औषधीय गुण, डाइटरी, फाइबर युक्त हैं।
- **राजस्थान के प्रमुख औषधीय/देशज पौधे** –

**1. केर (Cappuris decidua)**
- **मरुस्थल का अमृतफल**
- **पोषण :** विटामिन B, फ्लेवोनॉयड्स, फाइबर
- **लाभ :** पाचन में सहायक, एंटीऑक्सीडेंट
- **उपयोग :** अचार, सूखी सब्जी

**2. सांगरी (Prosopis Cineraria)**
- **खेजड़ी वृक्ष की हरी फली/फल**
- **पोषण :** प्रोटीन (12-15%), आयरन, कैल्शियम
- **लाभ :** हड्डियों की मजबूती, मधुमेह नियंत्रण
- **उपयोग :** केर-सांगरी सब्जी, मेडिसिन में

**3. गुंदा (Cordia Myxa)**
- चिपचिपा पर पौष्टिक खाद्य पदार्थ
- **पोषण :** प्रोटिन, फाइबर, विटामिन-B
- **लाभ :** कोलेस्ट्रॉल कम करना, आँतों की सफाई

**4. बेर (Ziziphus mauritian)**
- **देसी-टॉनिक एवं स्वाद में कड़वा**
- **पोषण :** पौटेशियम, विटामिन-C, फाइबर
- **लाभ :** तनाव व अनिन्द्रा में राहत, रोग प्रतिरोधक शक्ति में वृद्धि।

**5. कुमटिया बीज व फालसा**
- **छिपे पोषण रत्न व रोग प्रतिरोधक**
- **कुमटिया बीज :** ओमेगा-3, फैटी एसिड युक्त
- **फालसा : विटामिन**-C, व आयरन का स्त्रोत

**6. सीताफल** (Annonasqu amosa)
- **अरावली का मीठा उपहार**
- **पोषण :** विटामिन-B6, मैग्नीशियम
- **लाभ :** मस्तिष्क व हड्डियों हेतु लाभदायक

**7. बेल (Aegle Marmelos)**
- **धार्मिक और औषधीय पादप**
- **पोषण :** विटामिन-C, बीटा-कैरोटीन
- **लाभ :** पेट रोगों में लाभकारी, शुगर कंट्रोल

## आयुर्वेद दिवस समारोह

- **आयोजन** – 23 सितम्बर, 2025 को 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह (RIC) जयपुर में आयुर्वेद विभाग द्वारा।
- **वर्ष 2025 थीम : 'आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए' (आयुर्वेद फॉर पीपल एंड प्लैनेट)**
- **विशेष तथ्य** –
  - 39 आयुर्वेद चिकित्सक व भवन निर्माण में सहयोगार्थियों को जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक कुमार भी शामिल रहे जिन्होनें दिवंगत पत्नी प्रवीनलता शर्मा की स्मृति में **पदमपुरा, श्रीगंगानगर में आयुर्वेद भवन हेतु 1 करोड़ रु.** दान किए।
  - जयपुर निवासी **वैद्य बनवारी लाल गौड़** को 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस समारोह, गोवा में आयुर्वेद चिकित्सा, अनुसंधान हेतु **'धन्वतरि अवॉर्ड-2025'** (5 लाख रु. की राशि) से सम्मानित किया गया।
  - राष्ट्रीय आयुष मिशन की सहायता से राज्य वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2025-26 के तहत् कुल 348.88 करोड़ रु. की स्वीकृति जारी की गई। जिसमें चाकसू, जयपुर में राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय तथा दूदू एवं बूँदी में एकीकृत आयुष चिकित्सालयों का निर्माण करवाया जाएगा।

## मेनार वेटलैंड कॉम्प्लेक्स

- **चर्चा में** – विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून, 2025) के अवसर पर राजस्थान के नए स्थलों - **मेनार (उदयपुर)** एवं खीचन (फलौदी) को रामसर आर्द्रभूमियों की सूची में शामिल किया गया। मेनार, ग्रामीण सहभागिता, सामुदायिक संरक्षण का अनुपम उदाहरण।
- **पक्षियों/परिदों का स्वर्ग**–
  - **स्थिति** – उदयपुर से 50 कि.मी. दूर स्थित मेनार गाँव में धण्ड तथा ब्रह्म तालाब अद्वितीय जलाशय है।
  - **क्षेत्रफल** = 463.44 हेक्टेयर, धण्ड तालाब (64 हेक्टेयर) ब्रह्म तालाब (53.1 हेक्टेयर), खेरोदा तालाब (46.3 हेक्टयर)।
  - **संकटग्रस्त प्रजातियों का संरक्षण** – अब तक 259 पक्षी प्रजातियाँ दर्ज की जा चुकी है, जिनमें से 110 जलपक्षी एवं 67 प्रवासी प्रजातियाँ शामिल है।

## मछली बाघिन (T-16)

- **जन्म** – 1997, **मृत्यु** – 18 अगस्त, 2016
- **उपनाम** – रणथंभौर की रानी, लेडी ऑफ द लेक
- **विरासत** – बाघ संरक्षण की प्रतीक, लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, **डॉक्यूमेंट्री : "The world's Most Famous Tiger"** को राष्ट्रीय पुरस्कार, मगरमच्छ का शिकार करने के कारण **'क्रोकोडाइल किलर'** कहलाई, दुनिया की सबसे ज्यादा 'फोटो खींची गई बाघिन'।
- **मछली की उत्तराधिकारी** – **एरोहेड (T-84),** जो 2014 जन्मी तथा 19 जून, 2025 को मृत्यु को प्राप्त हो गई, **उपाधि** – 'क्रोकोडाइल हंटिंग टाइग्रेस'।

## राज्यस्तरीय अमृता हाट

- **आयोजन** – 21-30 सितम्बर, 2025 तक जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में।
- **आयोजक** – महिला अधिकारिता विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार
- **उद्देश्य** – महिला स्वयं सहायता समूहों (SHG) व उद्यमी महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तकला व स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री करना।

## जनगणना 2027 हेतु राज्यस्तरीय समिति

- **उद्देश्य** – राजस्थान में जनगणना 2027 का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करना, जनगणना कार्यो की देखरेख।
- **संरचना** –
  - **अध्यक्ष** – मुख्य सचिव (सुधांश पंत)
  - **समन्वय** – निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय
  - **प्रशासनिक विभाग** – सांख्यिकी विभाग
- **प्रथम बैठक** – 15 सितम्बर, 2025 को जनगणना की सटीकता हेतु ग्राम, नगर, तहसील, जिला स्तर की सीमाएँ स्थिर करके डेटा तैयार करना।

## अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों का राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन** – 10 सितम्बर को बिड़ला सभागार, जयपुर
- **आयोजक** – सहकार भारती और सहकारिता विभाग द्वारा
- राजस्थान 236 शाखाएँ कार्यरत है इन बैंकों ने छोटे उद्यमियों दुकानदारों, कारीगरों और मध्यम वर्गीय परिवारों को आसान ऋण उपलब्ध करवाया है।
- केन्द्र सरकार ने देश में पहली विस्तृत राष्ट्रीय को-ऑपरेटिव पॉलिसी लॉन्च की है।
- **सहकार से समृद्धि** परिकल्पना को साकार करने हेतु वर्ष 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई।
- वर्ष 2025 को **अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष** घोषित किया गया। जिसकी **थीम : 'सहकारिताएँ एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है'**

  **(Cooperative Build a Better World)**

## दुर्लभ जीव – कैरेकल

- **राजस्थान में निम्न जगह देखी गई–**
  - **रामगढ विषधारी टाइगर रिजर्व:** इस टाइगर रिजर्व में भी जनवरी 2025 में कैरेकल के फोटोग्राफिक साक्ष्य मिले थे।
  - **मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व:** मार्च 2025 में यहाँ कैमरा ट्रैप में एक कैरेकल की तस्वीर कैद हुई थी।
  - **जैसलमेर रेगिस्तान: सितंबर 2025** में राष्ट्रीय मरु उद्यान में दुर्लभ कैरेकल शावक की पुष्टि हुई थी।
  - **रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान:** यहाँ के बाहरी इलाकों में भी कैरेकल देखे गए हैं।



## खेजड़ी (Prosopis Cineraria)

- **थार शोभा** – केन्द्रीय शुष्क उद्यानिकी संस्थान, बीकानेर द्वारा खेजड़ी की कलम विधि से कांटे रहित उन्नत किस्म विकसित की गई। यह कलिकायन किए पौधों का उचित रखरखाव करने से तीसरे वर्ष में ही **सांगरी उत्पादन** शुरू हो जाता है।
- **कलमी खेजड़ी आधारित कृषि वानिकी मॉडल** – काजरी, जोधपुर में कृषि वैज्ञानिक डॉ. धीरज सिंह **(कृषि वैज्ञानिक पुरस्कार, 2025 विजेता)** के अनुसार–कलम की गई खेजड़ी को शुष्क क्षेत्र की फसलों यथा मूंग और बाजरा के साथ उचित दूरी पर लगाया जाता है।
- **लाभ**– रासायनिक खाद की बजाय आर्थिक रूप से फायदेमंद। **लूंग** – (पौष्टिक चारा, जो खेजड़ी की पत्तियों से बनता है।)

**लूंग में पाए जाने वाले पौष्टिक तत्व**

क्रूड प्रोटीन : 14-18 %
फाइबर : 15-20 %
खनिज लवण : 8 %

**कच्ची सांगरी में पाए जाने वाले तत्व**

प्रोटीन : 8%
कार्बोहाईड्रेट : 58%
रेशा : 28%
वसा : 2%
कैल्शियम : 0.4%
लौह तत्व : 0.2%

## ओरण भूमि (देवबानी)

- **परिभाषा** – ओरण/देवबानी/पवित्र वन, जंगलों का एक सामान्य संरक्षित क्षेत्र होता है, यह क्षेत्र प्रत्येक गाँव द्वारा अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए किसी देवी या देवता के नाम पर संरक्षित किया जाता है।
- **उदाहरण** – **भादरिया ओरण, जैसलमेर (17,804.13** हेक्टेयर में विस्तृत), **देश का सबसे बड़ा ओरण है।** एक अनुमान के अनुसार राजस्थान में ओरण का कुल क्षेत्रफल 6 लाख हेक्टेयर से अधिक है-जिसके लगभग 25000 ओरण शामिल है।
- **महत्व** –

| | |
|---|---|
| 1. प्राकृतिक स्त्रोत | चारा, ईंधन, लकड़ी, वनोपज, जड़ी–बूटियों के स्त्रोत |
| 2. आर्थिक स्त्रोत | पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था के प्रतीक |
| 3. आध्यात्मिक स्त्रोत | देवी–देवताओं (पाबूजी, तेजाजी, वीरातरा माता) |

- सर्वोच्च न्यायालय ने भी **जुलाई 2018** में आदेश पारित करते हुए राज्य में विद्यमान ओरणों की पहचान कर उनके उचित रूप से संरक्षित किये जाने के उद्देश्य से राजस्थान के विभिन्न प्राकृतिक समूहों यथा ओरण, देववन, रूद्र व अन्य नामों से भी जाने पहचाने जाने वाले पवित्र कुंजों को **मानित वन (Deemed forest)** घोषित करने के निर्देश दिए थे।
- सर्वोच्च न्यायालय द्वारा **पुन: 18 दिसम्बर, 2024** को ओरण के महत्वों एवं विशेषताओं को रेखांकित किया।
- **वन्यजीव अधिनियम, 1972 की धारा 36C के अन्तर्गत सामुदायिक संरक्षित क्षेत्र घोषित** करने की अनुशंसा की है। साथ ही निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में 05 सदस्यीय समिति के गठन।
- **अरावली देववन (ओरण) संरक्षण अभियान** –
  - अरावली के पवित्र उपवनों के जीर्णोद्धार के लिए 1992 में उदयपुर वन प्रभाग द्वारा अरावली देववन संरक्षण अभियान (अरावली पवित्र उपवन सरंक्षण) कार्यक्रम शुरू किया गया था।
  - राजस्थान सरकार ने 15 मार्च, 1991 को पहला संयुक्त वन प्रबंधन प्रस्ताव जारी किया और संयुक्त वन प्रबंधन (JFM) शुरू करने वाले अग्रणी राज्यों में से एक बना।

## प्रथम घूमर फेस्टिवल

- **आयोजन** – 15 नवंबर, 2025 को जयपुर में पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा।
- उप-मुख्यमंत्री तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दीया कुमारी के निर्देशन में।
- पर्यटन विभाग आधिकारिक गीत भी तैयार करेगा।

## गौ–महाकुंभ

- **आयोजन** – 6 सितम्बर, 2025 विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में श्री देवराहा बाबा गौ सेवा परिसर द्वारा आयोजित।
- **अवलोकन** – जयपुर के बिचून में विकसित किए जा रहे गोकुल ग्राम मॉडल का मुख्यमंत्री द्वारा।
- **अनुदान राशि** – गौ संरक्षण और संवर्धन योजनाओं के लिए 2 हजार 791 करोड़ रूपये।
- **सहायता राशि** – प्रत्येक पंजीकृत गौशाला को प्रति गाय 50 रूपये प्रतिदिन और छोटे बछड़ों के लिए 25 रूपये प्रतिदिन

- **लाभ** – मुख्यमंत्री दूग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत् दूग्ध उत्पादकों को संबल हेतु दूध पर प्रति लीटर 5 रूपये का अनुदान, 500 करोड़ रु. का प्रावधान।

### मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन

- राजस्थान में मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन पश्चात् 8,840 नए मतदान केन्द्रों को भारत निर्वाचन आयोग ने स्वीकृति दी है। अब राज्य में 61,309 बूथ हो जाएगें।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 तक रखा जाना निर्देशित है।
- पुनर्गठन के बाद सात संभाग मुख्यालयों पर मतदान केन्द्रों की कुल संख्या। सबसे कम (सलुंबर जिला = 354)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जयपुर | 5046 (सर्वाधिक) |
| 2. | जोधपुर | 2457 |
| 3. | उदयपुर | 2255 |
| 4. | बीकानेर | 1951 |
| 5. | भरतपुर | 1247 (सबसे कम) |
| 6. | कोटा | 1704 |
| 7. | अजमेर | 1640 |

### वृक्ष उत्पादक मेला

- **आयोजन** – (AFRI-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान) जोधपुर द्वारा 23 सितम्बर, 2025 को।
- **उद्देश्य** – वृक्षारोपण कर जलवायु परिवर्तन बचाव, खेजड़ी व अन्य स्थानीय प्रजाति के गुणवत्ता पौधों के साथ जैविक खेती, मृदा गुणवत्ता में सुधार ,उन्नत तकनीकें कृषि वानिकी, वर्षा जल एवं जैव विविधता संरक्षण
- **विमोचन**– आफरी की त्रैमासिक पत्रिका **'आफरी दर्पण'**

### नेशनल ट्राईबल फूड फेस्टिवल, 2025

- **आयोजन** – माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ,उदयपुर में 17–19 सितम्बर, 2025 तक हुआ जिसका उद्घाटन जनजाति मंत्री बाबुलाल खराड़ी द्वारा।
- **उपलक्ष्य** – जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयन्ती पर।
- **हिस्सा** – देश के विभिन्न राज्यों से पारंपरिक जनजाति व्यंजन बनाने वाले लगभग 100 पाक कलाकारों ने
- **फूड फेस्टिवल में** –
  - महाराष्ट्र के महादेव कोली जनजाति के मासवडी
  - मध्यप्रदेश से बारेला, बेगा, मलासी जनजाति द्वारा लाल ज्वारी के लड्डू
  - जम्मू कश्मीर से गुज्जर जनजाति द्वारा कद्दू खीर

## महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- **61 वें राष्ट्रीय ललित कला अकादमी पुरस्कार**– राजस्थान की दो हस्तियों को सम्मानित किया गया।
  1. डॉ. गिरिराज शर्मा (मूर्तिकला)
  2. डॉ. कनुप्रिया (मिक्स मीडिया क्षेत्र)
- **मंजू शर्मा** – राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों में कार्यकाल से पूर्व इस्तीफा देने वाली **तीसरी महिला** बन गई। **कार्यकाल** – (15.10.2020-15.09.2025)
  - **प्रथम** – कांता खतूरिया (22.12.1989 से 23.05.1995)
  - **द्वितीय** – दिव्या सिंह (30.11.2011 से 30.09.2012)
- **डॉ. सुमन बिस्सा** – जोधपुर निवासी प्रसिद्ध साहित्यकार को **'राजस्थानी पद्य पुरस्कार'** से उनकी कृति **'अंतस रा सुर सांतरा'** के लिए सम्मानित किया गया।
- **दुर्लभनाथ जी महाराज पैनोरमा**– बांदीकुई, दौसा में निर्मित किया जाएगा।
- **स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर** – देश के तीसरे तथा राजस्थान के प्रथम स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन 25 सितम्बर, 2025 को जोधपुर में हुआ जो कि नागरशैली और इंटरलॉकिंग स्टोन सिस्टम प्रणाली से निर्मित है।
- **ग्लोबल हैप्पीनेस फोरम**– 27-28 सितम्बर, 2025 तक जयपुर में आयोजन।
- **राजस्थान की प्रथम अमृत भारत एक्सप्रेस** –
  - **शुभारंभ** – 29 सितम्बर, 2025 को केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा।
  - **संचालन** – बिहार के दरभंगा से मदार, अजमेर के मध्य। (केसरिया रंग)

- **ड्यूंस एविएशन एकेडमी** – हमीरगढ़, भीलवाड़ा में 23 सितम्बर, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्घाटन किया।

- **जे.के.लोन अस्पताल, जयपुर** – राजस्थान की प्रथम सरकारी अस्पताल की पीडियाट्रिक कार्डियक डिपार्टमेंट की डेडीकेटेड यूनिट का शुभारंभ 18 सितम्बर, 2025 को चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर द्वारा 20 करोड़ की लागत से किया गया।

- **नमो टॉय बैंक** – कोटा-बूँदी लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं वर्तमान 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा 18 सितम्बर, 2025 को परिधान उपहार केन्द्र गुमानपुरा, कोटा से शुभारंभ किया गया।

- **मिशन पंख** – प्रतापगढ़ जिले से शुरू इस पहल का उद्देश्य-महिलाओं को सशक्त बनाने तथा यौन उत्पीड़न की शिकार लड़कियों का समग्र पुनर्वास सुनिश्चित करना।

- **देश का प्रथम सरकारी कॉस्मेटिक लेजर संस्थान**
  - जयपुर स्थित सवाई मानसिंह अस्पताल में 7 करोड़ की लागत से संस्थान ऑफ डर्मेटोलॉजी बनकर तैयार हुआ। (लंदन के बाद दूसरा सेंटर)
  - **समाधान** – झड़ते बालों को दोबारा उगाने, चेहरे पर मस्से हटाने, अनचाहे बालों को खत्म करना, सफेद दाग का समाधान एक्साइलर तकनीक से करना।

- **प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस** – 10 दिसम्बर, 2025 को मनाया जाएगा, इस अवसर पर हैदराबाद, सूरत और कोलकाता के साथ-साथ संयुक्त अरब अमीरात (दूबई और आबू धाबी) में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन आयोजित होंगे।

- **40वाँ राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा**–
  - अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर के नेत्र रोग विभाग द्वारा 25 अगस्त से 8 सितम्बर, 2025 तक।
  - वर्ष 2025 की थीम "दो जीवन के लिए रोशनी-एक निर्णय। दो यात्राएँ। अनंत प्रभाव।"

- **जोजरी नदी विवाद** –
  - धवा-डोली वन्य जीव संरक्षण क्षेत्र व आस पास के गाँवो में जोधपुर और पाली में स्थित टेक्सटाइल और स्टील मिलों जैसी 400 से अधिक औद्योगिक इकाइयाँ, बिना उचित उपचार के अपना जहरीला कचरा सीधे जोजरी नदी में बहाती हैं,जिससे पर्यावरण व वन्यजीवों, ग्रामीणों का जीवन असंतुलित हो चूका है।
  - **सुप्रीम कोर्ट:** सितंबर 2025 में, सुप्रीम कोर्ट ने जोजरी नदी के प्रदूषण पर स्वत: संज्ञान लिया, जिसमें लाखों लोगों के जीवन को खतरे में बताया गया था। कोर्ट ने इस मामले पर 9 अक्टूबर 2025 को सुनवाई करने का आदेश दिया।
  - **राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी):** एनजीटी ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया है और प्रदूषण को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

- **नव्या पहल**
  - **शुरू**– 24 जून, 2025
  - **उद्देश्य**– PMKVY 4.0 के तहत 16-18 वर्ष की आयु की लड़कियों को डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सुरक्षा और अन्य जैसे गैर-पारंपरिक, उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षित करना।
  - इस पहल के अंतर्गत 19 राज्यों के 27 आकांक्षी और पूर्वोत्तर जिलों की 3850 लड़कियों को शामिल किया जाएगा और वर्तमान में इसे 9 राज्यों के 9 जिलों में संचालित किया जा रहा है।
  - **राजस्थान से नव्या पहल के तहत आकांक्षी जिले धौलपुर का चयन किया गया है।** (युवा किशोरियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से आकांक्षाओं का पोषण) पहल, कौशलविकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MWCD) द्वारा उभरते क्षेत्रों में नौकरी की भूमिकाओं के लिए किशोर लड़कियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक अग्रणी संयुक्त प्रयास है।

# 02 राष्ट्रीय परिदृश्य

## चर्चित व्यक्तित्व

### ओपीएन कल्याण

- बेंगलुरु निवासी भारतीय सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल ।
- 22 अगस्त से 1 सितंबर तक 48 लोगों के एक समूह के साथ पोलर क्वेस्ट नामक जहाज पर उत्तरी ध्रुव और आर्कटिक द्वीप का अभियान पूरा किया।

### विवेकानंद गुप्ता

- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त।
- विश्व बैंक और मिलकेन इंस्टीट्यूट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सार्वजनिक वित्तीय परिसंपत्ति प्रबंधन (PFAM) कार्यक्रम 2025-26 के लिए चयन।
- PFAM समूह के लिए भारत की ओर से चुने जाने वाले एकमात्र प्रतिभागी और ईपीएफओ के पहले प्रतिनिधि।

### सुरेखा शंकर यादव

- एशिया की पहली महिला लोकोमोटिव पायलट।
- महाराष्ट्र के सतारा की सुरेखा शंकर यादव 36 साल की सेवा के बाद 30 सितंबर को भारतीय रेलवे से सेवानिवृत्त।

## चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

### क्रिटिकल मिनरल्स के पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना

- नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन (NCCM) का हिस्सा।
- **उद्देश्य** - नई खनन प्रक्रियाओं के लिए लंबे समय तक इंतजार करने की बजाय निकट भविष्य में आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता सुनिश्चित करना।
- **वित्तीय परिव्यय** - 1,500 करोड़ रुपये।
- **अवधि** - छह वर्ष (वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक)।
- इसमें ई-अपशिष्ट, लिथियम आयन बैटरी (LIB) स्क्रैप, तथा एंड-ऑफ-लाइफ वाहनों से निकले कैटेलिटिक कन्वर्टर्स शामिल हैं।

### भारती पहल

- Bharat's Hub for Agritech, Resilience, Advancement and Incubation for Export Enablement (BHARATI)-
- कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) की पहल।
- **उद्देश्य** - जीआई-टैग वाले कृषि उत्पादों, जैविक खाद्य पदार्थों, सुपरफूड्स, नवीन प्रसंस्कृत भारतीय कृषि-खाद्य पदार्थों, पशुधन उत्पादों और आयुष उत्पादों जैसी उच्च-मूल्य श्रेणियों में नवाचार को बढ़ावा देना।
- भारती पहल का लक्ष्य (वर्ष 2030 तक)-
  - 100 एग्री-फूड स्टार्टअप को इनक्यूबेशन और मार्गदर्शन के साथ समर्थन प्रदान करना।
  - कृषि क्षेत्र में नवाचार की संस्कृति को आगे बढ़ाना।
  - 50 बिलियन डॉलर कृषि-खाद्य निर्यात का लक्ष्य प्राप्त करना।

### स्वच्छता ही सेवा (SHS) अभियान 2025

- **संस्करण** - 9वां ।
- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक चलने वाला 15 दिवसीय अभियान।
- भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (DDWS) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित।
- **थीम** - "स्वच्छोत्सव" ।

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान

- **प्रारंभ** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 सितंबर को धार, मध्य प्रदेश से।
- **अवधि** - 17 सितंबर से 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक।

- **क्रियान्वयन** – स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MoWCD) द्वारा संयुक्त रूप से।
- **उद्देश्य**–
  - महिलाओं, किशोरियों व बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवा और पोषण सेवाओं को मजबूत करना।
  - प्रसव पूर्व देखभाल, टीकाकरण, पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता, जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मातृ, शिशु और किशोर स्वास्थ्य को बढ़ावा देना।
  - गैर-संचारी रोगों, एनीमिया, तपेदिक, सिकल सेल रोग और कैंसर की जाँच, शीघ्र पहचान और उपचार की कड़ी को मजबूती प्रदान करना।
  - मोटापे की रोकथाम, बेहतर पोषण और स्वैच्छिक रक्तदान पर विशेष जोर देते हुए समुदायों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना।
- पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए सशक्त पोर्टल के माध्यम से वास्तविक समय की निगरानी।
- 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देश भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (CHC), जिला अस्पतालों और अन्य सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में 1 लाख से ज्यादा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन।

## आदि कर्मयोगी अभियान

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 सितंबर को मध्यप्रदेश के धार से औपचारिक शुभारंभ ।
- जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा प्रारम्भ किया गया।
- **लक्ष्य** – 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 550 से अधिक जिलों के 1 लाख से अधिक जनजातीय गांवों में 20 लाख आदिवासी कर्मयोगियों का कैडर तैयार करना।
- **आदि सेवा पर्व**–
  - **अवधि** – 17 सितंबर-2 अक्टूबर।
  - आदि कर्मयोगी अभियान के एक भाग के रूप में प्रधानमंत्री द्वारा 1 लाख जनजातीय बहुल गांवों में मनाए जाने वाले आदि सेवा पर्व का उद्घाटन।
  - प्रत्येक गांव मिलकर अपना जनजातीय ग्राम विजन 2030 तैयार करेगा और यह विकसित भारत @ / 2047 की आधारशिला रखेगा।

## सेवा पर्व – 2025

- संस्कृति मंत्रालय द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित।
- उद्देश्य-समुदायों, संस्थानों और व्यक्तियों को सेवा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक गौरव के एक सामूहिक आंदोलन में एक साथ लाना।

## प्रोजेक्ट विजयक

- सीमा सड़क संगठन (BRO) की विशेष परियोजना।
- 21 सितंबर, 2025 को लद्दाख के करगिल में अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया।
- सशस्त्र बलों की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ लद्दाख की दूरस्थ घाटियों और अग्रिम क्षेत्रों को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने की महत्वपूर्ण जम्मेदारी।

## आदि युवा फेलोशिप एवं आदि कर्मयोगी स्वयंसेवक कार्यक्रम

- जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त राष्ट्र के साथ साझेदारी में 22 सितंबर को आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि युवा फेलोशिप एवं आदि कर्मयोगी स्वयंसेवक कार्यक्रम का शुभारंभ ।
- संयुक्त राष्ट्र भारत द्वारा समर्थित आदि युवा फेलोशिप, अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है जिसे संरचित शिक्षा, मार्गदर्शन एवं कैरियर विकास के माध्यम से जनजातीय युवाओं को सशक्त बनाने के लिए तैयार किया गया है
  - 12 महीने की वेतन फेलोशिप ।
  - प्रथम बैच में 16 फेलो का चयन।
- आदि कर्मयोगी स्वयंसेवक पहल यूएनएफपीए द्वारा समर्थित है जो जनजातीय युवाओं को जमीनी स्तर पर परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बनने तथा जनजातीय क्षेत्रों में अंतिम छोर तक सेवा वितरण को मजबूत करने के लिए सक्षम बनाएगी।

- 82 संयुक्त राष्ट्र सामुदायिक स्वयंसेवक आदि कर्मयोगी के रूप में यूएनएफपीए द्वारा समर्थित स्वयंसेवकों को दो महीने की गहन जमीनी स्तर की भागीदारी के लिए मध्य प्रदेश और राजस्थान के 13 जिलों के 82 ब्लॉकों में तैनात किया गया है।

### भारत में विश्व विश्व स्तरीय ब्लू पोर्ट का निर्माण

- भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग और संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के मध्य विश्व स्तरीय ब्लू पोर्ट्स के निर्माण के लिए एक तकनीकी सहयोग कार्यक्रम (TCP) समझौते पर हस्ताक्षर।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत भारत में 3 विश्व स्तरीय ब्लू पोर्ट्स - वनकबारा (दीव), कराईकल (पुडुचेरी) और जखाऊ (गुजरात) के निर्माण को मंजूरी।
- कुल निवेश- 369.8 करोड़ रुपये।
- ब्लू पोर्ट्स ढाँचा तकनीकी नवाचार और पर्यावरणीय संरक्षण के साथ स्मार्ट और एकीकृत मत्स्य पालन बंदरगाहों के विकास पर केंद्रित है

### नेवर अलोन

- छात्रों की आत्महत्याओं से निपटने और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए एम्स, नई दिल्ली द्वारा प्रारम्भ एक कृत्रिम बुद्धिमता (एआई)-आधारित मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम।
- 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर प्रारंभ।
- व्हाट्सएप के माध्यम से सुलभ एक वेब-आधारित ऐप के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ 24/7 वर्चुअल और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा।
- 5,000 छात्रों वाले संस्थानों के लिए, प्रति छात्र प्रतिदिन मात्र 70 पैसे में व्यक्तिगत और सुरक्षित मानसिक स्वास्थ्य जाँच की सुविधा उपलब्ध।

### अंगीकार 2025

- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (PMAY&U 2.0) के अंतर्गत लास्ट माइल आउटरीच अभियान।
- **शुभारंभ** - 4 सितंबर को आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल द्वारा नई दिल्ली में।
- **उद्देश्य**- देश भर में PMAY&U 2.0 के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करके कार्यान्वयन में तेजी लाना।
- योजना के अंतर्गत आवेदनों के सत्यापन और PMAY&U 2.0 के अंतर्गत पहले से स्वीकृत घरों के निर्माण कार्य में तेजी लाना।

## आयोजन/सम्मेलन/बैठक

### अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन 2025

- **आयोजन :** 8-9 सितंबर को बेंगलुरु, कर्नाटक में।
- इसरो, INSPACe और NSIL के सहयोग से भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा आयोजित ।
- **थीम** -''वैश्विक प्रगति के लिए अंतरिक्ष का उपयोग: नवाचार, नीति और विकास (Harnessing Space for Global Progress : Innovation, Policy, and Growth)''।

### डायलॉगनेक्स्ट (DialogueNEXT)

- **आयोजन** : 8-9 सितंबर तक नई दिल्ली में।
- वर्ल्ड फूड प्राइज फाउंडेशन द्वारा CIMMYT, बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया (BISA) तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के साथ साझेदारी में आयोजित ।
- **थीम** - ''इसे किसान तक ले चलो (Take it to the Farmer)''।

### 28वीं यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस

- **आयोजन :** 8-19 सितंबर तक दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में।
- भारत का प्रतिनिधित्व केन्द्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा।
- यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (UPI-UPU) इंटीग्रेशन परियोजना का शुभारंभ किया गया।
  उद्देश्य सीमा पार धन-प्रेषण (रेमिटेंस) को आसान बनाना।

### 16वां संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2025 सम्मेलन

- **आयोजन** - 15-17 सितंबर तक कोलकाता में।
- **उद्घाटन** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा।

- **थीम** – 'सुधारों का वर्ष – भविष्य के लिए परिवर्तन (Year of Reforms - Transforming for the Future)''।

## 2nd इंडिया मेडटेक एक्सपो 2025

- **आयोजन** – 4 से 6 सितंबर 2025 तक नई दिल्ली में।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार; चिकित्सा उपकरणों के लिए निर्यात संवर्धन परिषद (EPCMD) और स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) के सहयोग से भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के औषधि विभाग द्वारा आयोजित।

## राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) की छठी आम सभा और 11वीं शासी निकाय बैठकक

- **आयोजन** – 04 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित।
- **अध्यक्ष**– केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया।
- नाडा इंडिया डेटा एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट सिस्टम (NIDAMS) वेब पोर्टल का शुभारंभ ।

## SAMHITA सम्मेलन

- South Asian Manuscript Histories and Textual Archive (SAMHITA)-
- **आयोजन** – नई दिल्ली में।
- **उद्घाटन** – 5 सितंबर को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर द्वारा।
- **उद्देश्य**–भारत के बाहर पुस्तकालयों, अभिलेखागारों और अन्य भंडारों में रखे गए भारतीय और व्यापक रूप से दक्षिण एशियाई पांडुलिपियों का एक संबंधपरक डेटाबेस और डिजिटल संग्रह बनाना।

## इंटरनेशनल मीडिएशन कांफ्रेंस 2025

- **आयोजन** – 5 सितंबर को विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में।
- ट्राइलीगल, एशियन सेंटर फॉर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन एंड मीडिएशन (ACIAM) और नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी (NLIU), भोपाल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित।

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (SBM&G) पर गोलमेज सम्मेलन

- **आयोजन** – 1 सितंबर को नई दिल्ली में।
- जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (DDWS) द्वारा आयोजित।
- 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की भागीदारी।

## 20वां ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी समिट

- **आयोजन** – 2-3 सितंबर को नई दिल्ली में।
- सीआईआई- आईटीसी सतत विकास उत्कृष्टता केंद्र द्वारा आयोजित ।

## सेमीकॉन इंडिया 2025

- भारत में सेमीकंडक्टर्स के भविष्य को आकार देने के लिए वैश्विक नेताओं, नवप्रवर्तकों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र को एकजुट करने वाला एक प्रमुख मंच।
- **आयोजन** : 2-4 सितंबर तक नई दिल्ली में।
- भारत सेमीकंडक्टर मिशन (ISM) और सेमी (एक वैश्विक उद्योग संघ) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ।
- **उद्घाटन** – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा।

## जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित ।
- आठ साल पुरानी अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था वस्तु एवं सेवा कर (GST) में अगली पीढ़ी के सुधारों को मंजूरी।
- व्यवस्था वस्तु एवं सेवा कर (GST) के अंतर्गत दो- दर ढाँचा :- मेरिट रेट-5% और स्टैण्डर्ड रेट-18%
  - इसके अतिरिक्त एक विशेष डिमेरिट रेट-40% (लक्जरी, सिन और डिमेरिट गुड्स)।

## नागरिक उड्डयन पर पूर्वोत्तर क्षेत्र मंत्रियों का सम्मेलन और तीसरा पूर्वोत्तर विमानन शिखर सम्मेलन

- **आयोजन** – 4 सितंबर को अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में।
- नागरिक उड्डयन मंत्रालय और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI) द्वारा अरुणाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित।

### संसद और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधानमंडलों की महिला सशक्तीकरण संबंधी समितियों का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन** - 14-15 सितंबर को तिरुपति, आंध्र प्रदेश में।
- **उद्घाटन** - लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा।
- **थीम** - 'उभरती प्रौद्योगिकियों की चुनौतियों का सामना करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना (Empowering Women to Face Challenges of Emerging Technologies)"।
- आंध्र प्रदेश सरकार के मंत्री, विधान सभा और विधान परिषद के सदस्य तथा संसद और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधानमंडलों की महिला सशक्तीकरण संबंधी समितियों के सभापति और सदस्यों की भागीदारी।

### चौथा वर्ल्ड फूड इंडिया (WFI) 2025

- **आयोजन** - 25-28 सितंबर तक नई दिल्ली में।
- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई), भारत सरकार द्वारा आयोजित ।
- **उद्घाटन** - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा।
- **उद्देश्य** - खाद्य प्रसंस्करण मूल्य श्रृंखला में सहयोग, नवाचार और निवेश को बढ़ावा देकर भारत को 'विश्व के खाद्य केंद्र' के रूप में स्थापित करना।
- भागीदार देश (Partner Countries) - न्यूजीलैंड और सऊदी अरब।
- फोकस देश (Focus Countries)- जापान, यूएई, वियतनाम और रूस ।

### राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान 2025

- **आयोजन** - 15-16 सितंबर को पूसा, नई दिल्ली में।
- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित।
- **थीम** - 'वन नेशन वन एग्रीकल्चर - वन टीम'।

### कॉर्प-कॉन 2025

- **आयोजन** - 12-13 सितंबर को हैदराबाद में।
- नालसार विश्वविद्यालय और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (ICSI) द्वारा आयोजित।

### राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एंटी-नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) प्रमुखों का दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन** - 16-17 सितंबर को नई दिल्ली में।
- नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा आयोजित ।
- **थीम** - 'संयुक्त संकल्प, साझा जिम्मेदारी (United Resolve, Shared Responsibility)'।

### 5वां अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन

- गांधीनगर, गुजरात में।

### ब्लू टाइड्स-टू शोर्स वन विजन

- **आयोजन** - 18-19 सितम्बर को तिरुवनंतपुरम, केरल में।
- केरल के मत्स्य विभाग द्वारा भारत सरकार और यूरोपीय संघ (EU) के सहयोग से आयोजित।

### अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (आईईसी) की 89वीं आम बैठक

- **आयोजन** - 15 से 19 सितंबर तक नई दिल्ली में।
- भारत द्वारा चौथी बार IEC की आम बैठक की मेजबानी।
- **उद्घाटन** - केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा।
- भारत निम्न वोल्टेज प्रत्यक्ष धारा (LVDC) के क्षेत्र में मानकीकरण के लिए वैश्विक सचिवालय के रूप में कार्य करेगा।

### सरपंच संवाद राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन

- **आयोजन** - 15 सितंबर को नई दिल्ली में।
- भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI) द्वारा जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग (DDWS) और पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से आयोजित।
- **थीम** - 'विकसित ग्राम से विकसित भारत'
- 22 राज्यों के 75 सरपंचो ने भाग लिया।

## 11वां एशिया प्रशांत मेडटेक फोरम (APACMed) 2025

- **आयोजन** – 16-17 सितंबर को नई दिल्ली में।
- एशिया पैसिफिक मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन द्वारा आयोजित।
- **थीम**– "Swastha Bharat - A Healthier India, Together-"

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति हब मेगा कॉन्क्लेव

- **आयोजन** – 17 सितंबर को बिहार के बोधगया स्थित अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में।
- **आयोजक** – भारत सरकार का सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) ।
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित।
  - 17 सितंबर 2023 को प्रारम्भ।
  - **उद्देश्य** – 18 क्षेत्रों में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को संपूर्ण सहायता प्रदान करना ताकि उन्हें सफल उद्यमी बनाया जा सके।
- एमएसएमई मंत्रालय द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (NID), अहमदाबाद और ग्रामीण प्रबंधन संस्थान (IRMA), आनंद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

## मंथन

- रक्षा संपदा महानिदेशालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन।
- **आयोजन :** 18-19 सितंबर को नई दिल्ली में।
- **थीम** – 'विकसित भारत @2047 के लिए रणनीतिक रोडमैप'।
- **उद्‌घाटन** – रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा।

## अभिलेखपालों की राष्ट्रीय समिति (NCA) की 50वीं स्वर्ण जयंती बैठक

- **आयोजन** – 18-19 सितंबर को चेन्नई, तमिलनाडु में।
- भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (NAI), नई दिल्ली और तमिलनाडु अभिलेखागार एवं ऐतिहासिक अनुसंधान, चेन्नई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ।

## तीसरी द्वीप दीक्षा डायलॉग

- **आयोजन** – 19-20 सितंबर को अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के श्री विजयपुरम में।
- भारत की एकमात्र परिचालन संयुक्त सेवा कमान अंडमान और निकोबार कमान (ANC) द्वारा आयोजित।

## प्रथम त्रि-सेनाएं अकादमिक प्रौद्योगिकी संगोष्ठी (T-SATS)

- **आयोजन** – 22-23 सितंबर को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में।
- **उद्‌घाटन** – चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान द्वारा।
- **थीम** – विवेक व अनुसंधान से विजय।

## चीफ साइंस एडवाइजर्स राउंडटेबल 2025

- **आयोजन** – 21 सितंबर, 2025 को दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया में।
- दक्षिण अफ्रीका के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार विभाग (DSTI) और राष्ट्रीय नवाचार सलाहकार परिषद (NACI) द्वारा आयोजित ।
- 'समावेशी मानव विकास और वैश्विक स्थिरता के लिए समता-आधारित विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार' पर केंद्रित
- भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) प्रो. अजय कुमार सूद, वैज्ञानिक सचिव डॉ. परविंदर मैनी और मुख्य नीति सलाहकार डॉ. बी. छगुन बाशा, जी20 सदस्य और अतिथि देशों के मुख्य विज्ञान सलाहकारों और उनके नामित समकक्षों के साथ शामिल हुए।
- इस पहल की संकल्पना 2023 में भारत की जी 20 अध्यक्षता के दौरान की गई थी, जिसका नेतृत्व भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (OPSA) के कार्यालय ने किया था।

## तीसरा वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन 2025

- **आयोजन** – 26 से 27 सितंबर तक नई दिल्ली में।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित।

- **थीम** – ''उभरती खाद्य प्रणालियां यथा अन्नम तथा मन: (Evolving Food Systems-Yatha Annam Tatha Manah)''
- 'ईट राइट थाली' पुस्तक का अनावरण।

### केंद्रीय और राज्य सांख्यिकी संगठनों (CoCSSO) का 29वां सम्मेलन

- **आयोजन** – 25-26 सितंबर, 2025 को चंडीगढ़ में।
- भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MOSPI) द्वारा आयोजित ।
- **थीम** – 'स्थानीय स्तर पर शासन को सुदृढ़ करना (Strengthening Local Level Governance)'।

## समझौते

- भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, जोमैटो और उबर के मध्य समझौता – सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए
- डाक विभाग (DoP) तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) सॉफ्टवेयर और समाधान प्रदाता ईएसआरआई इंडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (ESRI India) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर–
    - डिजिपिन पोर्टल के लिए ईएसआरआई इंडिया के हाई-रिजॉल्यूशन इमेजरी और स्ट्रीट बेसमैप्स का इस्तेमाल ।
- सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (C-DOT) तथा पंजाब नेशनल बैंक (PNB) के मध्य समझौता – पीएनबी के आईटी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और इसकी प्रौद्योगिकी परिवर्तन यात्रा को गति प्रदान करने के लिए।
- भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के बीच 'अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक वर्गीकरण' को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- ऑयल इंडिया लिमिटेड और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (HCL) के मध्य तांबे और संबंधित खनिजों सहित महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के अन्वेषण और विकास के लिए सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर।
- भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (ADB) ने असम के छह जिला मुख्यालयों और गुवाहाटी में शहरी जीवन-यापन की क्षमता बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन मजबूत करने के लिए 125 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- भारतीय रेलवे (IR) और भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के मध्य रेलवे कर्मचारियों को बीमा लाभ प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर।

## पुरस्कार

### दादा साहब फाल्के पुरस्कार

- 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में मलयालम अभिनेता मोहनलाल वर्ष 2023 के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित ।
- एक स्वर्ण कमल पदक, एक शॉल और 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार।
- प्रथम दादा साहब फाल्के पुरस्कार- वर्ष 1969 में देविका रानी को।

### राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार 2025

- भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रदान।
- 23 सितंबर को 10वें आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेद और संबद्ध विज्ञान में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान–
    - प्रोफेसर बनवारी लाल गौड़ (राजस्थान)- आयुर्वेद और संस्कृत शिक्षा में छह दशकों से अधिक के योगदान के साथ एक प्रतिष्ठित विद्वान, शिक्षाविद और लेखक
    - वैद्य नीलकंठन मूस एट. केरल की शानदार अष्टवैद्य परंपरा के पथ प्रदर्शक ।
    - वैद्य भावना प्रशर- आयुर्वेद को आधुनिक जीनोमिक्स और व्यक्तिगत चिकित्सा के साथ एकीकृत करने के लिए कार्य।

### केदार सिंह रावत पर्यावरण पुरस्कार 2025

- डॉ. हर्षवंती बिष्ट (पर्वतारोही व शिक्षाविद्) को यह पुरस्कार वन संरक्षण व विकास के लिए दिया गया।

# उत्सव/महोत्सव

## पहला सन राइज फेस्टिवल महोत्सव

- **आयोजन** – अरुणाचल प्रदेश के डोंग में 29 दिसंबर, 2025 से 2 जनवरी, 2026 तक।
- अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित ।
- डोंग गांव भारत का सबसे पूर्वी बिंदु है, जहां प्रतिदिन सूर्य की पहली किरणें पड़ती हैं।
- **उद्देश्य** – क्षेत्र में पर्यटन, साहसिक खेल, स्थानीय उद्यमिता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना।

## सरस आजीविका मेला

- **आयोजन** – 5 से 22 सितंबर 2025 तक दिल्ली में।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित।

## शिल्प समागम मेला 2025 महोत्सव

- **आयोजन :** 5 से 14 सितंबर तक बेंगलुरु में।
- भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से 'ट्यूलिप' (ट्रेडिशनल आर्टिसन्स अपलिफ्टमेंट लाइवलीहुड प्रोग्राम) के सहयोग से आयोजित।

## बतुकम्मा महोत्सव

- तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा ब्राजील के रियो कार्निवल की तर्ज पर बतुकम्मा मनाने की घोषणा की।
- बतुकम्मा फूलों का त्योहार है, जो तेलंगाना में दशहरा उत्सव से पहले मनाया जाता है।
- महिलाएँ देवी गौरी को फूलों की माला पर बिठाकर उनकी पूजा करती हैं।
- नौ दिवसीय उत्सव 21 सितंबर को वारंगल के हजार स्तंभों वाले मंदिर में शुरू हुआ।

## 14वां सिराराखोंग हथेई मिर्च महोत्सव

- **आयोजन** – 16-29 सितंबर तक मणिपुर में, उखरुल जिले के सिराराखोंग गाँव में।
- **उद्देश्य** – सिराराखोंग गाँव में उगाई जाने वाली एक जीआई-टैग मिर्च प्रजाति, सिराराखोंग हथेई को बढ़ावा देना।

## छठा नदी उत्सव

- **आयोजन** – 25 से 27 सितंबर तक नई दिल्ली में।
- भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) द्वारा आयोजित ।
- **उद्घाटन** – केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा।

# अभ्यास/ऑपरेशन/अभियान

## सियोम प्रहार

- भारतीय थल सेना द्वारा 8 से 10 सितंबर तक अरुणाचल प्रदेश में आयोजित एक प्रमुख क्षेत्रीय प्रशिक्षण अभ्यास ।
- **उद्देश्य** – युद्ध जैसी परिस्थितियों में सामरिक अभियानों (tactical operation) में ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग को परखना।

## युद्ध कौशल 3.0

- भारतीय सेना द्वारा अरुणाचल प्रदेश के उच्च ऊंचाई वाले कामेंग क्षेत्र में आयोजित अभ्यास।
- नवगठित ASHNI प्लाटूनों का ऑपरेशनल पदार्पण।

# पर्यावरण

### भारत के नए रामसर स्थल

**92वाँ**

**गोकुल जलाशय**

- स्थान: बक्सर, बिहार
- गंगा नदी के दक्षिणी किनारे पर स्थित एक गोखुर झील।

**93वाँ**

**उदयपुर झील**

- स्थान: पश्चिम चंपारण, बिहार
- यह एक गोखुर झील है जिसके उत्तर और पश्चिम में उदयपुर वन्यजीव अभयारण्य का घना जंगल है।

- दो नये रामसर स्थल के साथ ही बिहार में कुल पाँच रामसर स्थल (अन्य तीन: - कंवर ताल झील, नागी पक्षी अभयारण्य, नकटी पक्षी अभयारण्य) हो गए ।
- भारत में सर्वाधिक रामसर स्थल तमिलनाडू में (20 रामसर स्थल) है ।
- रामसर स्थलों में भारत, एशिया में प्रथम व विश्व में तीसरे स्थान पर है ।

## कोल्ड डेजर्ट बायोस्फीयर रिजर्व

- भारत का 13वां बायोस्फीयर रिजर्व जो यूनेस्को के वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिजर्व (WNBR) में शामिल हुआ।
- **विशेषताएँ**–
  - इसे 2009 में बायोस्फीयर रिजर्व घोषित।
  - ट्रांस हिमालय (3300 से 6600 मीटर की ऊँचाई) के लाहौल-स्फीति क्षेत्र, (हिमाचल प्रदेश) में स्थित।
  - **संरक्षित क्षेत्र** – पिन वैली राष्ट्रीय उद्यान, किब्बर, सरचू तथा चन्द्रताल वन्यजीव अभयारण्य।
  - **संरक्षित जीव**–हिम तेंदुआ, गोल्डन ईगल, ब्लूशीप, हिमालयी आईबेक्स आदि।

> ***नोट :*** *भारत में कुल* 18 बायोस्फीयर रिजर्व जिसमें से 13 यूनेस्को के WNBR में शामिल।

## पल्लास कैट (Otocolobus manul)

- WWF-इंडिया द्वारा किए गए वन्यजीव सर्वेक्षण में अरुणाचल प्रदेश में पल्लास कैट की पहली तस्वीर ली गई।
- **संरक्षण की स्थिति**
  - IUCN रेड लिस्ट-लिस्ट कंसर्न।
  - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972- अनुसूची 1 में शामिल।
- पर्यावास – ईरान, अफगानिस्तान, मंगोलिया, रूस, पाकिस्तान और उत्तरी भारत सहित मध्य एशिया के चट्टानी मैदानों, पर्वतीय घास के मैदानों और झाड़ीदार भूमि में।
- पर्यावरण मंत्रालय ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों (PCB) के काम में सहयोग देने के लिए 'पर्यावरण लेखा परीक्षकों' के एक नए, स्वतंत्र वर्ग के गठन को अधिकृत किया है।
  - पर्यावरण लेखा परीक्षा नियम, 2025 के तहत, निजी एजेंसियां लेखा परीक्षक के रूप में मान्यता प्राप्त कर सकती हैं।
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व और पेंच टाइगर रिजर्व से आठ बाघों (तीन नर एवं पांच मादा) को सह्याद्री टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित करने को स्वीकृति प्रदान की है।

# पोर्टल/एप

## आदि संस्कृति डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म

- जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 सितम्बर को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित आदि कर्मयोगी अभियान पर राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर आदि संस्कृति के Beta Version का प्रारम्भ।
- जनजातीय संस्कृति पर केंद्रित विश्व का पहला डिजिटल विश्वविद्यालय।
- **शुभारंभ** – जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके द्वारा।
- **उद्देश्य** – जनजातीय समुदायों की संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करना और उसे बढ़ावा देना, तथा जनजातीय कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाना।
- इस प्लेटफॉर्म में तीन प्रमुख घटक शामिल हैं-
  - आदि विश्वविद्यालय (डिजिटल ट्राइबल आर्ट अकादमी)- आदिवासी नृत्य, चित्रकला, शिल्प, संगीत और लोककथाओं पर 45 इमर्सिव पाठ्यक्रम।
  - आदि सम्पदा (सामाजिक-सांस्कृतिक भंडार)- चित्रकला, नृत्य, वस्त्र एवं परिधान, कलाकृतियाँ और आजीविका जैसे पांच विषयों पर 5,000 से अधिक संकलित दस्तावेजों का संग्रह।
  - आदि हाट (ऑनलाइन बाजार)- आदिवासी कारीगरों के लिए एक समर्पित ऑनलाइन बाजार।
- राजस्थान सहित 15 राज्य जनजातीय अनुसंधान संस्थानों (TRI) के सहयोग से विकसित ।

## भारत का पहला गिद्ध संरक्षण पोर्टल

- असम स्थित वी फाउंडेशन इंडिया के नेतृत्व में संगठनों के एक समूह द्वारा गुवाहाटी विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के सहयोग से 2 सितंबर को लॉन्च।
- वल्चर नेटवर्क एक क्लाउड आधारित पोर्टल है जिसे भारत के गिद्धों के बारे में व्यापक ज्ञान और जागरूकता मंच के रूप में डिजाइन किया गया है।

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC) 2025 ऐप

- केंद्रीय संचार और उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा इंडिया मोबाइल कांग्रेस के लिए
  - एआई-संचालित इंटरैक्टिव
  - मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च।
- 9वें इंडिया मोबाइल कांग्रेस का आयोजन 8 से 11 अक्टूबर, 2025 तक नई दिल्ली में द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा।
- **थीम**- इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म।

## कपास किसान ऐप

- केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा शुभारंभ।
- वस्त्र मंत्रालय के भारतीय कपास निगम (CCI) द्वारा विकसित।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत किसानों से कपास की निर्बाध खरीद सुविधाजनक बनाने के लिए।

## बीमा सुगम पोर्टल

- बीमा सुगम इंडिया फेडरेशन (BSIF) द्वारा हैदराबाद स्थित भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (Irdai) के मुख्यालय में बीमा उत्पादों और सेवाओं के लिए विश्व के सबसे बड़े ऑनलाइन बाजार का आधिकारिक तौर पर शुभारंभ।
- बीमा सुगम बीमा के लिए एक एकीकृत डिजिटल बाजार है, जिसे बीमाकर्ताओं, मध्यस्थों और ग्राहकों को एक ही मंच पर लाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## पासबुक लाइट

- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) द्वारा अपने मेम्बर पोर्टल के अंदर प्रारंभ एक नई सुविधा।
- इस सुविधा से सदस्य बिना पासबुक पोर्टल पर जाए ही मेम्बर पोर्टल के माध्यम से सरल और सुविधाजनक प्रारूप में अपनी पासबुक और अंशदान, निकासी और शेष राशि का संक्षिप्त विवरण आसानी से देख सकेंगे।

# रिपोर्ट/सूचकांक

## राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) इंडिया रैंकिंग 2025

- 4 सितंबर को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा नई दिल्ली में जारी।
- कुल 9 श्रेणियों और 8 विषय क्षेत्रों में जारी।
  - वर्ष 2025 में नई जोड़ी गई श्रेणी सतत विकास लक्ष्य (SDG)।
- **9 श्रेणियों में शीर्ष संस्थान**-

| श्रेणी | संस्थान |
|---|---|
| समग्र | IIT, मद्रास (लगातार 7वें वर्ष) |
| विश्वविद्यालय | भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू (लगातार 10वें वर्ष) |
| कालेज | हिंदू कॉलेज, दिल्ली |
| अनुसंधान संस्थान | भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू |
| नवाचार संस्थान | IIT, मद्रास |
| खुला विश्वविद्यालय | IGNOU नई दिल्ली |
| कौशल विश्वविद्यालय | सिम्बायोसिस कल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पुणे |
| राज्य के सार्वजनिक विश्वविद्यालय | जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता |
| एसडीजी संस्थान | IIT, मद्रास |

- **प्रमुख विषय क्षेत्रों में शीर्ष संस्थान**-

| विषय क्षेत्र | संस्थान |
|---|---|
| इंजीनियरिंग | IIT, मद्रास |
| मैनेजमेंट | IIM, अहमदाबाद |
| मेडिकल | AIIMS, नई दिल्ली |
| लॉ | नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरू |
| कृषि और संबद्ध क्षेत्र | भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली |

## सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (SRS) स्टैटिस्टिकल रिपोर्ट, 2023

- भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी।

- प्रजनन और मृत्यु दर दोनों से जुड़े वार्षिक अनुमान ।
- **प्रमुख निष्कर्ष**-
  - कुल प्रजनन दर (TFR)- 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर 1.9, प्रतिस्थापन स्तर (2.1) से नीचे।
    - सर्वाधिक-बिहार (2.8), सबसे कम-दिल्ली (1.2)।
  - शिशु मृत्यु दर (IMR)- 25 (2022 में 26)।
    - सर्वाधिक - छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश (37), सबसे कम-केरल (5)।
  - 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में मृत्यु दर (U5MR) - 29 (2022 में 30)
    - मुख्य रूप से बालिका U5MR में गिरावट।
  - जन्म के समय लिंगानुपात (SRB)- 2021-23 में 917 (2020-22 में 914)।
    - सर्वाधिक-छत्तीसगढ़ (974), सबसे कम-उत्तराखंड (868)।
    - ग्रामीण क्षेत्रों में 914 और शहरी क्षेत्रों में 925।

### इंडस्ट्रियल पार्क रेटिंग सिस्टम (IPRS) 3.0

- 20 सितंबर को पीयूष गोयल द्वारा नई दिल्ली में शुभारंभ।
- उद्योग एवं आंतरिक व्यापार प्रोत्साहन विभाग द्वारा एशियन डिवलपमेंट बैंक के सहयोग से तैयार ।
- **उद्देश्य** - भारत के औद्योगिक वातावरण को और अधिक मजबूत करना एवं औद्योगिक बुनियादी ढांचे के प्रतिस्पर्धी स्वरूप को विस्तार देना।
- वर्ष 2018 में पायलट चरण और वर्ष 2021 में औपचारिक रूप से प्रारम्भ।

### राज्य वित्त 2022-23 पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की रिपोर्ट

- 10 वर्ष की अवधि (2013-14 से 2022-23) में सभी 28 राज्यों के लिए राजकोषीय मापदंडों का आंकलन।
- **प्रमुख निष्कर्ष**-
  - वर्ष 2022-23 में राज्यों का कुल ऋण देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का 22.17% ।
  - ऋण-GDP अनुपात सर्वाधिक पंजाब (40.35%)।
  - राजकोषीय घाटा-
    - सर्वाधिक - हिमाचल प्रदेश (GSDP का 6.46%)
    - सबसे कम - गुजरात (GSDP का 0.76%)
  - राजस्व सृजन क्षमता- राज्यों के राजस्व में स्वयं के कर (State's' Own Tax Revenue- SOTR) की हिस्सेदारी -
    - सर्वाधिक - हरियाणा (70%)
    - सबसे कम - अरुणाचल प्रदेश (9%)

## नियुक्तियाँ

### सीपी राधाकृष्णन

- भारत के 15वें उपराष्ट्रपति निर्वाचित ।
- पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराया।
- कुल 781 मतदाताओं में से 767 सांसदों (752 मत वैध और 15 मत अवैध घोषित) द्वारा चुनाव में मतदान।

### न्यायमूर्ति एम. सुंदर

- मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त।

### अजय सेठ

- भारतीय बीमा एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) के नये अध्यक्ष ।

### टीसीए कल्याणी

- 29वीं महालेखा नियंत्रक (CGA) नियुक्त।

### दीपक मित्तल

- संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत नियुक्त।

### आचार्य देवव्रत

- महाराष्ट्र के 22वें राज्यपाल नियुक्त।

### अमित खरे

- उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के सचिव नियुक्त।

### न्यायमूर्ति पवनकुमार भीमप्पा बजंथरी

- पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त।

### प्रवीर रंजन

- केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के महानिदेशक नियुक्त।

### प्रवीण कुमार

- भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) के महानिदेशक नियुक्त।

### वंदना गुप्ता

- संचार लेखा महानियंत्रक नियुक्त।

## निधन

### डीडी लापांग

- मेघालय के पूर्व मुख्यमंत्री का निधन।

## विविध

### बिस्तीर्ण परोरे

- भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी के अवसर पर 8 सितंबर को डिब्रूगढ़ के गुइजन में "बिस्तीर्ण परोरे : सदिया से धुबरी तक एक संगीतमय यात्रा" का शुभारंभ।
- पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW) के तत्वावधान में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) द्वारा राष्ट्रीय जलमार्ग-2 (NW-2) पर आयोजित ।

### वांगचू जलविद्युत परियोजना

- भूटान के चुखा जिले में वांगचू नदी (ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी, भारत में रैदाक नदी) पर स्थित एक 570 मेगावाट की रन-ऑफ-रिवर परियोजना।
- अडानी पावर लिमिटेड और भूटान की सरकारी स्वामित्व वाली बिजली उत्पादन कंपनी डुक ग्रीन पावर कार्पोरेशन लिमिटेड (DGPC) के मध्य शेयरधारक समझौते (SHA) पर हस्ताक्षर।

### बैराबी-सैरांग रेल लाइन

- पहली बार मिजोरम की राजधानी आइजोल को भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी।
- **उद्घाटन** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा।
- लंबाई - लगभग 51 किलोमीटर।
- आइजोल, गुवाहाटी, अगरतला और ईटानगर के बाद भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ने वाला चौथा पूर्वोत्तर राजधानी शहर।

### फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम (FTI&TTP)

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लखनऊ, तिरुवनंतपुरम, त्रिची, कोझिकोड और अमृतसर हवाई अड्डों पर FTI&TTP का वर्चुअल उद्घाटन ।
- **उद्देश्य** - भारतीय हवाई अड्डों पर इमिग्रेशन प्रक्रिया को तेज और आसान बनाना (रजिस्टर्ड यात्री का लगभग 30 सेकंड में इमिग्रेशन क्लियर)।
- सर्वप्रथम वर्ष 2024 में दिल्ली एयरपोर्ट पर प्रारम्भ।
- वर्तमान में कुल 13 हवाई अड्डों पर FTI&TTP की सुविधा उपलब्ध ।

### रॉयल भूटान बौद्ध मंदिर

- बिहार के राजगीर में स्थित।
- **उद्घाटन** - 4 सितंबर को भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे तथा केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा।

### डिजिटल इंडिया की उपलब्धि

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के अंतर्गत राष्ट्रीय ई-गवर्नेस प्रभाग (NeGD) द्वारा डिजिलॉकर और ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म पर 2,000 ई-गवर्नेस सेवाएं उपलब्ध ।
- डिजिलॉकर और ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म पर सर्वाधिक सेवायें उपलब्ध करवाने वाले राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-
  - महाराष्ट्र- 254
  - दिल्ली - 123
  - कर्नाटक - 113
- राजस्थान में डिजिलॉकर और ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म पर 44 सेवायें उपलब्ध करवायी गई है।

### वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

- अहमदाबाद के नारनपुरा में लगभग 825 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भारत का सबसे बड़ा (1 लाख 19 हजार वर्ग मीटर) स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स।
- **उद्घाटन** - 14 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा।

### भारत का पहला स्वास्तिक आकार का 'लोटस गार्डन'

- सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (NBRI) में स्थित ।
- **उद्घाटन** - केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा।
- कमल की 60 और वॉटर लिली की 50 किस्में और लखनऊ में विकसित दुनिया का पहला 108 पंखुड़ियों वाला कमल, एनबीआरआई-नमोह 108 उगाया गया है।

### मेगा टिंकरिंग डे 2025

- नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन (AIM) की प्रमुख पहल।
- इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाई।
  - एक ही दिन में एक टिंकरिंग गतिविधि में भाग लेने वाले छात्रों की अधिकतम संख्या का नया रिकॉर्ड।
    - 12 अगस्त, 2025 को, 9,467 अटल टिंकरिंग लैब (ATL) स्कूलों के 4,73,350 छात्रों ने स्वच्छ भारत के लिए एक ऑनलाइन सत्र के माध्यम से DIY वैक्यूम क्लीनर बनाया।

### 8वां राष्ट्रीय पोषण माह

- **प्रारंभ** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 सितंबर को धार, मध्य प्रदेश से।
- **अवधि** - 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक।
- 8 मार्च 2018 को राजस्थान के झुंझुनूं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गये प्रधानमंत्री की समग्र पोषण योजना (पोषण) अभियान के अंतर्गत प्रारम्भ।
- **मुख्य विषय**-
  - मोटापे की समस्या का समाधान चीनी और तेल का इस्तेमाल कम करना।
  - प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल तथा शिक्षा (ECCE) / पोषण भी पढ़ाई भी (PBPB)।
  - एक पेड़ माँ के नाम ।
  - शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार (IYCF) प्रथाएँ।
  - पोषण और देखभाल में पुरुषों की भागीदारी।

***नोट** – पोषण पखवाड़ा 2025 के आयोजन में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर रहा।*

### यात्री सेवा दिवस 2025

- 17 सितंबर को संपूर्ण देश के एयरपोर्ट पर मनाया गया।
- भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय की पहल।
- केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू द्वारा हिंडन एयरपोर्ट, उत्तरप्रदेश से शुभारंभ ।
- **उद्देश्य** - हवाई यात्रियों (air passengers) के अनुभव को बेहतर बनाना, सेवा-उन्मुख माहौल सुनिश्चित करना, और यात्री कल्याण को बढ़ावा देना।
- स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, मुफ्त चिकित्सा जाँच, यात्रियों के स्वागत कार्यक्रम, सांस्कृतिक गतिविधियाँ आदि का आयोजन।

### 5वां राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह (NPW)

- **आयोजन** - 17 से 23 सितंबर तक नई दिल्ली में।
- भारतीय फार्माकोपिया आयोग (IPC) द्वारा आयोजित
- **थीम** - 'आपकी सुरक्षा, बस एक क्लिक दूर: पीवीपीआई को रिपोर्ट करें (Your Safety, Just a Click Away : Report to PvPI)'।
- **उद्देश्य** - स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों, नियामकों, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों को सरलीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं (ADRs) की सक्रिय रूप से रिपोर्ट करने के लिए जागरूक करना।

### भारत का पहला पीएम मित्र पार्क

- मध्यप्रदेश के धार जिले के भैंसोल गांव में स्थापित।
- 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आधारशिला रखी गई।

- प्रधान मंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र/PM MITRA) योजना–
  - वर्ष 2021 में वस्त्र मंत्रालय द्वारा प्रारम्भ।
  - **अवधि** - वर्ष 2021-22 से 2027-28 तक।
  - **उद्देश्य** - वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला के लिए बड़े पैमाने पर एकीकृत और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधाओं का विकास करना।
  - प्रधानमंत्री के 5F विजन (फार्म टू फाइबर; फाइबर टू फैक्ट्री; फैक्ट्री टू फैशन तथा फैशन टू फॉरेन) से प्रेरित।
  - योजना के अंतर्गत 7 स्थानों पर पीएम मित्र पार्क स्थापित किए जायेंगे–
    - तमिलनाडु (विरुधुनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती)

## कार्ल्सबर्ग रिज में पॉलीमेटैलिक सल्फाइड नॉड्यूल्स की खोज के लिए विश्व का पहला लाइसेंस

- इंटरनेशनल सीबेड अथॉरिटी (ISA) द्वारा भारत को प्रदान।
- कार्ल्सबर्ग रिज अरब सागर और उत्तर-पश्चिम हिंद महासागर में 3,00,000 वर्ग किमी का क्षेत्र है।
  - भारतीय और अरबी टेक्टोनिक प्लेट्स के बीच की सीमा बनाता है।
- पॉलीमेटैलिक सल्फाइड (PMS) समुद्र नितल पर पाए जाने वाली तांबा, जस्ता, सोना और चांदी जैसी धातुओं के समृद्ध स्रोत है।

## भारत के सात प्राकृतिक विरासत स्थल यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों की संभावित सूची में शामिल

- यूनेस्को की संभावित सूची में शामिल भारत के कुल स्थल - 69 (49 सांस्कृतिक, 17 प्राकृतिक और 3 मिश्रित विरासत स्थल)।
- **नये शामिल स्थल**–
  - महाराष्ट्र के पंचगनी और महाबलेश्वर स्थित डेक्कन ट्रैप - यूनेस्को विश्व विरासत स्थल कोयना वन्यजीव अभयारण्य के भीतर स्थित ।
  - कर्नाटक में सेंट मैरी द्वीप समूह की भूवैज्ञानिक विरासत- उत्तर क्रेटेशियस काल (लगभग 85 मिलियन वर्ष पूर्व) में निर्मित दुर्लभ स्तंभाकार बेसाल्टिक चट्टान संरचनाओं के लिए प्रसिद्ध।
  - मेघालय में मेघालय युग की गुफाएं।
  - नागालैंड की नागा हिल ओफियोलाइट।
  - आंध्र प्रदेश में एर्रा मट्टी डिब्बालु (लाल रेत की पहाड़ियां)।
  - आंध्र प्रदेश में तिरुमाला पहाड़ियों की प्राकृतिक विरासत शेषाचल बायोस्फीयर रिजर्व और वेंकटेश्वर राष्ट्रीय उद्यान का हिस्सा।
  - केरल में वरकला चट्टानें- केरल के समुद्र तट के किनारे स्थित मायो-प्लियोसीन युग के वर्कल्ली संरचना।
- किसी भी स्थल को विश्व विरासत सूची में शामिल करने से पहले अस्थायी सूची में उसका नाम शामिल करना अनिवार्य है।

## 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम

- 20 सितंबर को गुजरात के भावनगर में आयोजित ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 34,200 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन।
- **प्रमुख प्रोजेक्ट**–
  - इंदिरा डॉक पर मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल का उद्घाटन।
  - कांडला में एक बहुउद्देश्यीय कार्गो बर्थ और ग्रीन बायो-मेथनॉल संयंत्र ।
  - पटना तथा वाराणसी में जहाज मरम्मत सुविधाओं की आधारशिला रखी।
  - गुजरात के कच्छ जिले का पूर्णत: सौर ऊर्जा संचालित गाँव धोरडो राष्ट्र को समर्पित ।
    - राज्य का चौथा सौर गाँव।
    - मोढेरा (मेहसाणा जिला) - भारत का पहला सौर गाँव (अक्टूबर 2022)।

### लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक (LDB) 2.0

- एक लॉजिस्टिक्स ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म।
- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा 20 सितंबर को नई दिल्ली में शुभारंभ ।
- एनआईसीडीसी लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज (NLDSL) द्वारा विकसित ।

### आदि कर्मयोगी छात्र अध्याय

- जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा 22 सितंबर को आईआईटी, आईआईएम, एम्स, एनआईटी और अन्य शीर्ष विश्वविद्यालयों जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में 'आदि कर्मयोगी छात्र अध्याय' का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
- **नोडल केंद्र** – आईआईटी दिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा सेल।
- **उद्देश्य**– आदिवासी छात्रों के बीच नेतृत्व, नवाचार, उद्यमिता और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी युवा नेतृत्व वाले आंदोलन की शुरुआत करना।

## महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- हिमाचल प्रदेश नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्ण कार्यात्मक साक्षरता (Full functional literacy) प्राप्त करने वाला पांचवां राज्य/केंद्र प्रशासित प्रदेश बन गया है।
    - अन्य चार राज्य/केंद्र प्रशासित प्रदेश- मिजोरम, गोवा, त्रिपुरा और लद्दाख।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर संयुक्त अरब अमीरात के सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब्स (ATL) का शुभारंभ।
- फोनपे ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के साथ साझेदारी करके फोनपे ऐप में एकीकृत डिजिटल-प्रथम उद्यम सहायता प्लेटफॉर्म (UAP) लॉन्च किया है।
    - **उद्देश्य** – अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों के लिए उद्यम पंजीकरण को सरल बनाना, उन्हें औपचारिक पहचान, सरकारी योजनाओं तक पहुंच, ऋण और डिजिटल भुगतान प्रदान करना।
- कर्नाटक सरकार ने कन्नड़ अभिनेता डॉ. विष्णुवर्धन और बी. सरोजा देवी को मरणोपरांत राज्य के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार कर्नाटक रत्न से सम्मानित किया है।
- संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अपने आगामी शताब्दी वर्ष समारोह (1 अक्टूबर 2025- 1 अक्टूबर 2026) के एक भाग के रूप में, यूपीएससी और विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोगों (PAC) की सर्वोत्तम प्रथाओं के संग्रह के रूप में एक उत्कृष्टता केन्द्र (CoE) स्थापित करने की घोषणा।
- भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा 01 सितंबर 2025 से चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के लिए हॉलमार्किंग यूनिक आइडेंटिफिकेशन (HUID) आधारित हॉलमार्किंग स्वैच्छिक आधार पर प्रारंभ।
- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने व्यक्ति-से-व्यापारी (P2M) प्रति-यूपीआई लेनदेन सीमा 5 लाख तक रुपये तक और 24 घंटे की संचयी सीमा 10 लाख रुपये तक बढ़ा दी है।
- भारतीय महिला अधिकार कार्यकर्ता वर्षा देशपांडे को लैंगिक समानता और प्रजनन अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए, व्यक्तिगत श्रेणी में 2025 का संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तत्वावधान में निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (IEPFA) द्वारा 1 सितंबर को हैदराबाद में अपनी प्रमुख वित्तीय साक्षरता पहल - निवेशक दीदी के दूसरे चरण का सफलतापूर्वक शुभारंभ ।
- 2 सितंबर को नई दिल्ली में 12 दिवसीय ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप का उद्घाटन।
- अफगान युवाओं की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) के माध्यम से अफगान नागरिकों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना


(SSSAN) के अंतर्गत भारत ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए अफगान नागरिकों के लिए 1,000 ई-छात्रवृत्ति की घोषणा की है।

- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा 11 सितंबर को पटना, बिहार में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन।
- भारतीय खान ब्यूरो (IBM) के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन रांची में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी द्वारा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुवाहाटी में भारत रत्न गायक-संगीतकार डॉ. भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती समारोह में 100 रुपये का स्मारक सिक्का जारी।
- नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव को द वीक हेरिटेज अवार्ड्स द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक संगीत और नृत्य के लिए सिल्वर बनयान अवॉर्ड्स' से सम्मानित किया गया है।
- CSIR स्टार्टअप कॉनक्लेव 2025 का आयोजन 14-15 सितंबर को लखनऊ में किया गया।
- भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने स्वामी विवेकानंद के दर्शन और विचारों पर आधारित राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'चलो जीते हैं' को 2 अक्टूबर तक देशभर में पुन: रिलीज करने की घोषणा की है
- दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा नई दिल्ली में एशिया के पहले महिलाओं के लिए समर्पित कैंसर केंद्र, अपोलो एथेना का उद्घाटन।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिहार के पूर्णिया स्थित सीमेन स्टेशन में ''राष्ट्रीय गोकुल मिशन'' योजना के तहत स्थापित 'सेक्स सॉर्टेड सीमेन' केंद्र का उद्घाटन (क्षमता - प्रति वर्ष 5 लाख खुराक उत्पादन)।
- महाराष्ट्र के अहमदनगर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अहिल्यानगर कर दिया गया है।
- साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) विश्वकर्मा पुरस्कारों के प्रथम संस्करण में 75 कोयला खनन कर्मियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।
- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित इंडिया-एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026 (तीन मार्गदर्शक सिद्धांत या सूत्र 'पीपल, प्लेनेट और प्रोग्रेस') 19-20 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा
- संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) द्वारा 14 सितंबर को आयोजित एनडीए और एनए II परीक्षा, 2025 और सीडीएस II परीक्षा, 2025 के दौरान उम्मीदवारों के त्वरित और सुरक्षित सत्यापन के लिए एआई-सक्षम चेहरे की प्रमाणीकरण तकनीक का परीक्षण (राष्ट्रीय ई-गवर्नेस प्रभाग के सहयोग से)।
- संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में आयोजित 28वें यूपीयू कांग्रेस के दौरान भारत को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (UPU) की प्रशासन परिषद (CA) और डाक संचालन परिषद (POC) के लिए पुन: निर्वाचित किया गया है।
- जापान की क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, रेटिंग एंड इन्वेस्टमेंट इन्फॉर्मेशन, इंक. (आर एंड आई) द्वारा भारत की दीर्घकालिक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग 'BBB' से बढ़ाकर 'BBB+' की गई।

  एसएंडपी द्वारा अगस्त 2025 में 'BBB' (BBB- से) और मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस द्वारा मई 2025 में 'BBB' (BBB निम्न से) अपग्रेड।
- केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (CAT) द्वारा 20 सितंबर को नई दिल्ली में 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन।
- AIIFA STEELEX-2025 और सतत इस्पात पर 37वां राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 19-20 सितंबर को मुंबई, भारत में सतत इस्पात निर्माता संघ द्वारा महाराष्ट्र इस्पात निर्माता संघ (SMAM), भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के सहयोग से किया गया।
- 17 सितंबर 2025 को अभियान और पोषण माह की शुरुआत के अवसर पर छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले की 75 ग्राम पंचायतों को आधिकारिक रूप से 'बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत' घोषित किया गया है।

- पुडुचेरी शून्य मातृ मृत्यु दर का लक्ष्य प्राप्त करने वाला भारत का पहला केंद्र-शासित प्रदेश बन गया है।
- निर्देशक नीरज घायवान की फिल्म होमबाउंड को ऑस्कर 2026 के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि चुना गया है।
- मध्य प्रदेश ने स्वच्छ ऊर्जा नीलामी में बैटरी भंडारण द्वारा समर्थित सौर ऊर्जा खरीदने के लिए भारत में अब तक की सबसे कम कीमत (CEIGL इंडिया और ACME सोलर द्वारा क्रमश: 2.70 रुपये प्रति किलोवाट घंटा और 2.764 रुपये प्रति किलोवाट घंटा की दर से) हासिल की है।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोरक्को के रबात स्थित भारतीय दूतावास में एक नई रक्षा विंग के उद्घाटन की घोषणा की।
- भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (ISLRTC) ने 23 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित 'सांकेतिक भाषा दिवस 2025' समारोह में 3,189 ई-कॉन्टेंट वीडियो सहित दुनिया का सबसे बड़ा भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) डिजिटल संग्रह लॉन्च किया।
- गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया।
- पंजाब ने स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर और रिफ्रैक्टिव एरर्स का शीघ्र पता लगाने के लिए अपनी तरह का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) सक्षम स्क्रीनिंग उपकरण लॉन्च किया है।
- आइची प्रान्त का तोयोआके शहर जापान का पहला नगरपालिका बन गया है जिसने एक अध्यादेश पारित किया है जिसमें निवासियों से प्रतिदिन स्क्रीन का उपयोग केवल मनोरंजन के लिए दो घंटे तक सीमित रखने का आग्रह किया गया है।
- भारत ने गैर-जीवाश्म ईंधन बिजली उत्पादन क्षमता के लिए 250 गीगावाट का लक्ष्य हासिल कर लिया है और 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है।
- मध्यप्रदेश, गोवंश के वध पर पूर्ण कानूनी प्रतिबंध लगाने वाला पहला राज्य बना।
- भारत का पहला AI-संचालित एकीकृत कमान और नियंत्रण केन्द्र (ICCC) तिरूमला, आंध्रप्रदेश में शुरू किया गया।
- तमिलनाडु, महिला स्वयं सहायता समूह (SHG) सदस्यों को पहचान पत्र जारी करने वाला भारत का पहला राज्य बना।
- **विश्व का पहला सिरेमिक अपशिष्ट पार्क**–
  - खुर्जा, बुलंदशहर, उत्तरप्रदेश
  - इस पार्क का नाम **''अनोखी दुनिया''** रखा गया।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड(TDB) भारत के पहले 240-वोल्ट इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल प्लेटफॉर्म के विकास और व्यावसायीकरण के लिए रैप्टी एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई को सहयोग दे रहा है।

# 03 अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य




## ब्रिक्स वर्चुअल शिखर सम्मेलन

- 8 सितंबर 2025 को आयोजित।
- ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा की अध्यक्षता में।
- भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने किया।

## न्यूयॉर्क घोषणापत्र

- न्यूयॉर्क घोषणापत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसे 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा अनुमोदित किया जाएगा, जो इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष को संबोधित करता है और द्वि-राज्य समाधान का समर्थन करता है।
- इसे फ्रांसीसी-सऊदी घोषणापत्र के नाम से भी जाना जाता है।
- भारत ने इस घोषणापत्र के पक्ष में मतदान किया (द्वि-राज्य समाधान का समर्थन करते हुए)
- फ्रांस द्वारा प्रस्तुत।
  - पक्ष में मतदान = 142
  - विपक्ष में = 10 (इजराइल, अमेरिका, हंगरी, अर्जेंटीना)

## भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग (86वीं बैठक)

- 16 सितंबर, 2025 को कोलकाता में आयोजित।
- इस आयोग (JRC) की स्थापना 19 मार्च, 1972 को हुई थी।

## जी4 विदेश मंत्रियों की बैठक

- 25 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 80वें सत्र के दौरान आयोजित की गई।

**जी4 के बारे में**

- *यह चार देशों – भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान का एक समूह है।*
- ***उद्देश्य:*** *संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में सुधार के लिए संयुक्त रूप से अभियान चलाना*

# सूचकांक

## 18वां वैश्विक नवाचार सूचकांक (GII), 2025

- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा प्रकाशित एक वार्षिक रैंकिंग

- **रैंक (139 देशों में से)**
  1. स्विट्जरलैंड (स्कोर = 66)
  2. स्वीडन
  3. अमेरिका
- **भारत का प्रदर्शन:**

| वर्ष | जीआईआई रैंक | इनोवेशन इनपुट रैंक | इनोवेशन आउटपुट रैंक |
|---|---|---|---|
| **2025** | 38वां (स्कोर = 38.2) | 52वां | 32वां |
| **2024** | 39वां | | |

  - 2020 में 48वीं और 2015 में 81वीं।
- भारत निम्न-मध्यम आय वाले देशों और मध्य एवं दक्षिणी एशिया तथा आईसीटी सेवाओं के निर्यात, कुल व्यापार के % में प्रथम स्थान पर है।
- **चार भारतीय शहर - बेंगलुरु (21वां), दिल्ली (26वां), मुंबई (46वां),** और **चेन्नई (84वां)** - दुनिया के शीर्ष 100 नवाचार समूहों में शामिल हैं।

## ग्लोबल डिजिटल नोमैड रिपोर्ट, 2025

- ग्लोबल सिटीजन सॉल्यूशंस (ग्लोबल इंटेलिजेंस यूनिट) द्वारा प्रकाशित।
- **रैंकिंग:**
  - स्पेन प्रथम, नीदरलैंड द्वितीय [64 देशों में से]
  - **भारत (38वां स्थान और स्कोर 84.85)**

  [आर्थिक सूचकांक में प्रथम स्थान (छह प्रमुख आयामों में से एक)]

## वर्ल्ड टेलेंट रैंकिंग 2025

- अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन विकास संस्थान (IMD) द्वारा प्रकाशित
- **रैंकिंग:**
  - स्विट्जरलैंड प्रथम, लक्जमबर्ग द्वितीय
  - **भारत 63वां (स्कोर = 36.06)**

  **[2024 में 58वां स्थान]**



### हैप्पी सिटी इंडेक्स 2025

- इंस्टीट्यूट फॉर क्वालिटी ऑफ लाइफ द्वारा प्रकाशित
- **रैंक:** 1. कोपेनहेगन (डेनमार्क) 2. ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड) 3. सिंगापुर
- इस रैंकिंग में कोई भी भारतीय शहर शामिल नहीं है।

## महोत्सव/पुरस्कार:

### रेमन मैग्सेसे पुरस्कार

- विजेताओं की घोषणा–
  1. एजुकेट गर्ल्स (भारत)
  2. शाहिना अली (मालदीव)
  3. फ्लेवियानो एंटोनियो एल. विलानुएवा (फिलीपींस)।
- **एजुकेट गर्ल्स (भारत):** 2007 में सफीना हुसैन द्वारा स्थापित एक गैर-सरकारी संगठन, इसकी शुरुआत राजस्थान में हुई थी और अब यह 30,000 से ज्यादा गाँवों में कार्यरत है, जिससे 20 लाख से ज्यादा लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलती है।
- **नोट:** ये पुरस्कार 7 नवंबर को मनीला, फिलीपींस में प्रदान किए जाएँगे।

***पुरस्कार के बारे में:***

- *1957 में रेमन मैग्सेसे (फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति) के सम्मान में स्थापित।*
- *एशिया में समाज के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों या संगठनों को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।*
- *'एशिया का नोबेल पुरस्कार' के रूप में जाना जाता है।*

### एमी पुरस्कार 2025 (77वाँ प्राइमटाइम)

- समारोह 14 सितंबर, 2025 को लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में आयोजित किया गया।
- बराक ओबामा को "Our Oceans" के लिए आउटस्टेंडिंग नरेटर कैटेगरी में एमी पुरस्कार दिया गया। (यह इनका तीसरा एमी है।)

### 82वां वेनिस फिल्म महोत्सव 2025

- 27 अगस्त से 6 सितंबर तक आयोजित।
- **अनुपर्णा रॉय** ने अपनी फिल्म 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए ओरिजोंटी वर्ग में **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** का पुरस्कार जीता।
- इस पुरस्कार विजेता फीचर के अलावा, महोत्सव में बिमल रॉय की क्लासिक भारतीय फिल्म **'दो बीघा जमीन'** का पुनर्स्थापित 4K संस्करण भी प्रदर्शित किया गया।

### 50वां टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (TIFF)

- 4 से 14 सितंबर, 2025 तक आयोजित।
- **जितांक सिंह गुर्जर** द्वारा निर्देशित भारतीय फिल्म **'विमुक्त'** ने TIFF 2025 में प्रतिष्ठित NETPAC पुरस्कार जीता।
- TIFF 50 में शामिल भारतीय फिल्में हैं–
  - नीरज घायवान की 'होमबाउंड',
  - अनुराग कश्यप की 'बंदर'
  - विकास मिश्रा की 'बयान'।
  - इस महोत्सव में क्लासिक भारतीय फिल्म 'शोले' का पुनर्स्थापित 4K संस्करण भी प्रदर्शित किया गया।

- ***नोट :** 'होमबाउंड' ऑस्कर 2026 के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि है।*

### UNEP यंग चौंपियंस ऑफ द अर्थ अवार्ड, 2025

- **पुरस्कार विजेता:**
  1. **जिनाली मोदी (भारत):** बनोफी लेदर की स्थापना की, जो केले की फसल के कचरे से बने चमड़े के विकल्प बनाती है।
  2. **जोसेफ न्गुथिरु (केन्या)**
  3. **नाओमी फ्लोरिया (अमेरिका)**

*पुरस्कार के बारे में:*

- *यह युवा जुड़ाव पर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की प्रमुख पहल है।*
- इसकी स्थापना 2017 में हुई थी, जिसे प्लैनेट ए के साथ साझेदारी में 2025 में पुन: शुरू किया गया

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- कनाडा के मिसिसॉगा में उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊँची 51 फुट ऊँची भगवान राम की प्रतिमा का अनावरण किया गया।
- **डिएला (Diella)** (एक एआई-जनरेटेड बॉट): **अल्बानिया** में नियुक्त दुनिया का पहला **एआई मंत्री**।
- भारतीय नौसेना का युद्धपोत **आईएनएस कदमत्त** पापुआ न्यू गिनी के 50वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए पोर्ट मोरेस्बी गया।
- विषैले ब्लू ड्रैगन सी स्लग (ग्लौकस अटलांटिकस) के दिखने के कारण **स्पेन** के कई लोकप्रिय समुद्र तटों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया।
- 54वां प्रशांत द्वीप समूह फोरम शिखर सम्मेलन 8-12 सितंबर, 2025 को सोलोमन द्वीप के होनियारा में आयोजित किया गया।
- **आईआईएम अहमदाबाद दुबई परिसर:** दुबई में पहले अंतर्राष्ट्रीय परिसर का उद्घाटन शेख हमदान (दुबई के युवराज) और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 11 सितंबर, 2025 को किया।
- **एंटरोमिक्स (Enteromix): रूस** द्वारा विकसित एक कैंसर का टीका। यह mRNA तकनीक पर आधारित है।
- ईरान और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) ने ईरान की परमाणु सुविधाओं के निरीक्षण को फिर से शुरू करने सहित सहयोग फिर से शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **मैत्री 2.0**
  - एग्रीटेक में **ब्राजील-भारत क्रॉस-इन्क्यूबेशन कार्यक्रम**।
  - भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा नई दिल्ली में लॉन्च किया गया।
- **जुपिटर (जर्मनी):** यूरोप का पहला एक्सास्केल सुपरकंप्यूटर। यह यूरोप का सबसे तेज और दुनिया का चौथा सबसे तेज सुपरकंप्यूटर है।
- **बुर्किना फासो, माली और नाइजर** (अफ्रीकी देश) ने **अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC)** से तत्काल हटने की घोषणा की है।
- **भारत** ने **मोरक्को** में अपना **पहला विदेशी रक्षा विनिर्माण संयंत्र** (टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड द्वारा निर्मित) खोला। इसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया।
- जापान की रेटिंग और निवेश सूचना (R&I) द्वारा भारत की सॉवरेन रेटिंग को स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'BBB+' तक अपग्रेड किया गया।
- **कानपुर और वियतनाम** राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने उन्नत अनुसंधान और शैक्षणिक आदान-प्रदान पर सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- **ISSA-J1** (इन-सीटू स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस-जापान1) उपग्रह को भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) द्वारा **2027** में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा।
- **भारत और मॉरीशस** ने चागोस द्वीपसमूह में **डिएगो गार्सिया** के पास एक **उपग्रह ट्रैकिंग और संचार स्टेशन** स्थापित करने हेतु एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **उन्नत परमाणु ऊर्जा के लिए अटलांटिक साझेदारी:** परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के विकास हेतु U.K और USA के बीच हस्ताक्षरित।
- **5वाँ विश्व सागवान सम्मेलन** 17 से 20 सितंबर, 2025 तक **कोच्चि, केरल** में आयोजित किया गया।
- 89वीं अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (IEC) आम बैठक 15-19 सितंबर, 2025 तक **नई दिल्ली**, भारत में आयोजित की गई।

- **शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के अंतर्गत RATS** (क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना) की **44वीं परिषद** बैठक किर्गिस्तान के चोलपोन अता में हुई। परिषद ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की।
- **सऊदी अरब** और **पाकिस्तान** ने एक **रक्षा समझौते** पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कहा गया है कि किसी एक देश पर किए गए हमले को दोनों देशों पर हमला माना जाएगा।
- **K–वीजा**
  - चीन द्वारा शुरू किया गया।
  - 1 अक्टूबर, 2025 से प्रभावी।
  - **उद्देश्य :** वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से STEM क्षेत्रों में, युवा विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रतिभाओं को आकर्षित करना।
- **कतर,** भारत की एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) प्रणाली को अपनाने वाला 8वाँ देश बना।
- **मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम** ने 9 से 16 सितंबर तक भारत की आठ दिवसीय राजकीय यात्रा (मुंबई, वाराणसी, अयोध्या और तिरुपति) की।
- **भारत-इजराइल द्विपक्षीय निवेश समझौते** पर 8 सितंबर, 2025 को नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए।
- **भारत, ईरान और आर्मेनिया** के बीच त्रिपक्षीय वार्ता का तीसरा दौर 8 सितंबर को **तेहरान** में आयोजित किया गया।

| व्यक्ति | चर्चा में |
|---|---|
| एनालेना बैरबॉक (जर्मनी) | • न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 80वें सत्र की अध्यक्षता की।<br>• इस सत्र का विषय है 'एक साथ बेहतर : शांति, विकास और मानवाधिकारों के लिए 80 वर्ष और उससे भी अधिक।' |
| कोकिची अकुजावा | • 102 वर्षीय जापानी व्यक्ति हाल ही में माउंट फ़ूजी पर चढ़ने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गए हैं, उन्होंने 96 साल की उम्र में बनाया अपना ही गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। |
| अनुतिन चार्नविराकुल | • थाईलैंड के 32वें प्रधानमंत्री बने। |



# 04 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

Springboard ACADEMY

## भारत का पहला बांस आधारित बायो-एथेनॉल संयंत्र

### महत्वपूर्ण विशेषताएँ

- एक "शून्य-अपशिष्ट" संयंत्र ।
- बांस को 2जी (द्वितीय पीढ़ी) एथेनॉल में परिवर्तित करेगा।
- एथेनॉल उत्पादन के लिए मुख्यत: बांस की दो प्रजातियों-बाल्को (बम्बुसा बालकोआ) और टुल्दा (बम्बुसा टुल्दा) का उपयोग।
- क्षमता - प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख टन बांस का प्रसंस्करण।

### उद्घाटन/ विकास


- 14 सितंबर को असम के गोलाघाट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन।
- नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (NRL) की सहायक कंपनी असम बायो-एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड (ABEL) द्वारा फिनलैंड की फोर्टम एंड चेमपोलिस OY के सहयोग से विकसित ।
- कुल निवेश - लगभग 5,000 करोड़ रुपये।

### 18वां इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड (IESO–2025)

- **आयोजन :** 8-16 अगस्त 2025 तक चीन के जिनिंग में।
- भारत ने कुल 7 पदक (1 स्वर्ण, 4 रजत, 2 कांस्य) जीते–
  - रयांश गुप्ता – 1 स्वर्ण, 1 रजत।
    - इंटरनेशनल जियोसाइंस यूथ मूवमेंट (I-GYM) रिपोर्टर श्रेणी में तीसरा पुरस्कार।
  - चारुव्रत बैंस – 2 रजत, 1 कांस्य।
  - अपम निधि पांडे (पीएम श्री केवी नंबर 1, जयपुर, राजस्थान)-1 रजत ।
  - प्रियांशी घनघास-1 कांस्य।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कौशल विकास और नवाचार के लिए उत्कृष्टता केंद्र

- ग्राफिक एरा (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), देहरादून, उत्तराखंड में स्थापित।
- **उद्घाटन** – केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा।
- उत्तराखंड की पहली NVIDIA AI और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (HPC) हब सुविधा।
  - NVIDIA DGX B200 सिस्टम द्वारा संचालित (8 GPU और 1.74 TB GPU मेमोरी)।
- एप्पल और इंफोसिस के सहयोग से स्थापित एप्पल आईओएस डेवलपमेंट सेंटर।
- ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी भारत का पहला जेनरेटिव एआई-रेडी कैंपस है।




## सुमन सखी चैटबॉट

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 सितंबर को धार, मध्य प्रदेश से शुभारंभ ।
- एआई पावर्ड चैटबॉट।
- **उद्देश्य**–
  - मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
  - ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को समय पर सटीक जानकारी प्रदान करना और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना।
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता से निर्मित यह प्लेटफॉर्म लाभार्थियों को हिंदी में बातचीत करने की सुविधा प्रदान करेगा।

## दा विंची रोबोट

- एम्स, नई दिल्ली में रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी में छात्रों को प्रशिक्षण देने के लिए स्थापित किया गया सर्जिकल रोबोट।
- इंट्यूटिव सर्जिकल्स द्वारा प्रदान।
- एम्स दिल्ली देश का एकमात्र ऐसा संस्थान है जिसके पास प्रशिक्षण के लिए दो सर्जिकल रोबोट हैं- मेडट्रॉनिक्स द्वारा प्रदान किया गया एक ह्यूगो प्रशिक्षण रोबोट और इंट्यूटिव सर्जिकल्स का दा विंची रोबोट।

## सरदार वल्लभभाई पटेल का एआई–पावर्ड होलोबॉक्स

- प्रधानमंत्री संग्रहालय, नई दिल्ली में स्थापित।
- **उद्घाटन** – 17 सितंबर 2025 को।
- 17 सितंबर 1948 को Operation Polo के सफल समापन के साथ हैदराबाद राज्य भारत में शामिल।
- यह एक आदमकद एआई–पावर्ड होलोबॉक्स है जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल का हाइपर रियलिस्टिक 3D अवतार (मेटा–ह्यूमन मॉडल) है।
- आगंतुक सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, दर्शन और देश के इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों पर प्रश्न पूछ सकते हैं और उत्तर प्राप्त कर सकते हैं।

## भारत हेल्थएआई ग्लोबल रेगुलेटरी नेटवर्क (GRN) में शामिल

- भारत और हेल्थएआई के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- **उद्देश्य** – स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के सुरक्षित और ज्यादा प्रभावी उपयोग के लिए वैश्विक प्रयासों में तेजी लाना।
- हेल्थएआई ग्लोबल रेगुलेटरी नेटवर्क स्विट्जरलैंड के जिनेवा में स्थित एक अंतर्राष्ट्रीय मंच है, जो स्वास्थ्य नियामकों को स्वास्थ्य सेवा में एआई की निगरानी को मजबूत करने के लिए एक साथ लाता है।

## डिएला (Diella)

- अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा द्वारा देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए नियुक्त विश्व का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)–जनित सरकारी मंत्री।
- अल्बानिया की नेशनल एजेंसी फॉर सोसाइटी द्वारा माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग विकसित ।
- डिएला को सार्वजनिक निविदाओं से जुड़े सभी फैसले लेने की जिम्मेदारी दी गई है।

### आईएनएस आन्द्रोत

- आठ एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW SWC) में से दूसरा पोत।
- 13 सितंबर को भारतीय नौसेना को सौंपा गया।
- गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकाता द्वारा निर्मित।
- डीजल इंजन-वॉटरजेट संयोजन द्वारा संचालित ।
- 'आन्द्रोत' नाम लक्षद्वीप द्वीपसमूह के आन्द्रोत द्वीप के नाम से लिया गया है।
- भारत का पहला एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट- आईएनएस अर्नाला।

### डीएससी ए 22

- भारतीय नौसेना के लिए निर्मित 05 × डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (DSC) परियोजना का तीसरा जहाज ।
- 12 सितंबर को टीटागढ़, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में जलावतरण।
- टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (TRSL), कोलकाता द्वारा निर्मित।

### सबल

- 4 सितंबर को नौसेना डॉकयार्ड, विशाखापत्तनम में छठा 25टी बोलार्ड पुल (BP) टग सबल भारतीय नौसेना में शामिल।
- निर्माण-टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (TRSL), कोलकाता द्वारा (कुल 6 टग)।
- उपयोग - भारतीय नौसेना द्वारा सीमित जल में बर्थिंग/अन-बर्थिंग और युद्धाभ्यास के दौरान नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों को सहायता प्रदान करने के लिए और जहाजों को किनारे या लंगरगाह में अग्निशमन सहायता प्रदान करने के लिए।

### आईसीजीएस अदम्य

- 19 सितंबर को ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर भारतीय तटरक्षक बल में शामिल।
- अदम्य श्रेणी के आठ फास्ट पेट्रोल वेसल (FPV) श्रृंखला का पहला जहाज।
- गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित।

### प्रत्यूष (PRATUSH)

- प्रोबिंग री-आयोनाइजेशन ऑफ द यूनिवर्स यूजिंग सिग्नल फ्रॉम हाइड्रोजन।
- रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (RRI) द्वारा विकसित किया जा रहा डिजिटल रिसीवर सिस्टम।
- चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किया जाने वाला एक 'भविष्य का रेडियोमीटर'।
- बिग बैंग के बाद ब्रह्मांड में हुये परिवर्तनों को उजागर करेगा।

### जारोसाइट

- अहमदाबाद स्थित अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (SAC), सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय (SPPU) और लखनऊ स्थित बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं की एक टीम ने हाल ही में पुष्टि की है कि 2016 में ने गुजरात के कच्छ जिले के 'माता नो मढ़' गांव में खोजा गया जारोसाइट लगभग 55 मिलियन वर्ष पुराना है।
- पीला रंग का, लोहा युक्त सल्फेट खनिज ।
- 2004 में नासा के ऑपर्चुनिटी मिशन द्वारा मंगल ग्रह पर खोजे गए खनिज जैसा।
- पृथ्वी पर निर्माण - जब ऑक्सीजन, लोहा, सल्फर और पोटेशियम युक्त कुछ खनिज जल की उपस्थिति में सही मात्रा में परस्पर अभिक्रिया करते हैं।

### मेथेनडिएनोन लॉन्ग टर्म मेटाबोलाइट (LTM)

- औषधि विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय औषधि शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (NIPER), गुवाहाटी द्वारा राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (NDTL) नई दिल्ली के सहयोग से विकसित एक दुर्लभ और उच्च शुद्धता वाला रेफरेंस मैटेरियल (RM)।
- 4 सितंबर को नई दिल्ली में एनडीटीएल की 22वीं शासी निकाय बैठक के दौरान केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा औपचारिक शुभारंभ।

- रेफरेंस मैटेरियल (RM)- मादक पदार्थों या उनके मेटाबॉलिट्स के सबसे उच्च शुद्ध और वैज्ञानिक रूप से विशेषता वाले रूप (scientifically characterized forms)।
- डोपिंग रोधी के संदर्भ में डोपिंग रोधी एजेंसी (WADA) द्वारा प्रतिबंधित 450 से अधिक पदार्थों का पता लगाने में सक्षम ।

## डायरेक्ट ब्रॉडकास्ट नेटवर्क (DBNet) स्टेशन

- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MOES), भारत सरकार के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (NCMRWF) तथा अंतरिक्ष विभाग (DoS) की वाणिज्यिक शाखा, न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के मध्य दो प्रत्यक्ष प्रसारण नेटवर्क (DBNet) स्टेशन स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर।
  - पहला दिल्ली/एनसीआर में और दूसरा चेन्नई में स्थापित।
- डीबीनेट एक वैश्विक परिचालन संरचना है जिसे निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO) उपग्रहों से वास्तविक समय में उपग्रह डेटा अधिग्रहण के लिए डिजाइन किया गया है।
- यह संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान (NWP) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मौसम पूर्वानुमान, चक्रवात निगरानी एवं जलवायु अनुसंधान सहित कई प्रकार के अनुप्रयोगों का समर्थन करता है।

## भारत की पहली पोर्ट-आधारित ग्रीन हाइड्रोजन पायलट परियोजना

- वी.ओ. चिदंबरनार (VOC) बंदरगाह थूथुकुडी, तमिलनाडु पर स्थापित।
- **उद्घाटन** - केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा।

## विश्व का पहला पॉलीमर माइट्रल वाल्व प्रत्यारोपण

- जयपुर स्थित एसएमएस मेडिकल कॉलेज द्वारा रूमेटिक हृदय रोग से पीड़ित एक 38 वर्षीय मरीज का पॉलिमर माइट्रल वाल्व प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक पूर्ण।

## विक्रमादित्य वैदिक घड़ी

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा 1 सितंबर को भोपाल में मुख्यमंत्री आवास के मुख्य द्वार पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी और उसका मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च।
- **उद्देश्य** - हिंदू पंचांग (धार्मिक कैलेंडर) और पारंपरिक समय गणना को आधुनिक तकनीक के साथ एकीकृत करना।

## ATOR N1200

- भारतीय सेना का एक विशेष उभयचर मोबिलिटी वाहन।
- जेएसडब्ल्यू गेको मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित।
- पंजाब में बाढ़ के दौरान इन वाहनों का इस्तेमाल फंसे हुए निवासियों को बचाने और भोजन, दवाइयाँ और अन्य जरूरी सामान पहुँचाने के लिए किया जा रहा है।

## रेल-आधारित मोबाइल लॉन्वर से अग्नि-प्राइम मिसाइल

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।
- **दिनांक:** 24 सितंबर 2025
- ओडिशा के चांदीपुर से
- भारत रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से मिसाइल लॉन्च करने की क्षमता वाला रूस, चीन और उत्तर कोरिया के बाद चौथा देश बना।
- **अग्नि-प्राइम**
  - दो-चरणीय ठोस-ईंधन वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल।
  - यह लगभग 2,000 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्यों पर प्रहार कर सकती है।
  - यह लगभग 1,000-3,000 किलोग्राम का पेलोड ले जा सकती है।
  - यह मिसाइल एक सीलबंद डिब्बे में रखी जाती है जिससे इसे सड़क या रेल वाहनों से तेजी से प्रक्षेपित किया जा सकता है।

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- रक्षा मंत्रालय की प्रमुख पहल, इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस-डिफेंस इनोवेशन ऑर्गनाइजेशन (IDEX-DIO) ने नए ASPIRE (अनुसंधान और शिक्षा में रणनीतिक प्रगति में तेजी) कार्यक्रम के तहत एडसिल (इंडिया) लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और आर्क इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने पूरी तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की मदद से पहला वायरल जीनोम विकसित किया है।
- आईएनएसटी, मोहाली के वैज्ञानिकों ने कोलेस्ट्रॉल-आधारित नैनोमेटेरियल्स को भविष्य की क्वांटम प्रौद्योगिकियों और स्पिंट्रॉनिक उपयोगों के लिए एक नवीन प्लेटफॉर्म के रूप में प्रस्तुत किया है।
- लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV) प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN&SPACe) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के बीच एक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते पर हस्ताक्षर।
  - इसरो द्वारा SSLV को एक त्वरित, ऑन डिमांड प्रक्षेपण यान (500 किलोग्राम तक के वजन वाले उपग्रहों को लोअर अर्थ ऑर्बिट (LEO) में लॉन्च करने के लिए) के रूप में विकसित किया गया है।
- भारत सरकार ने पांच कंपनियों - इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड, टेकइनवेंशन लाइफकेयर प्राइवेट लिमिटेड, पैनेशिया बायोटेक लिमिटेड, बायोलॉजिकल ई लिमिटेड और जाइडस लाइफसाइंसेज को अपने पहले स्वदेशी मल्टी-स्टेज मलेरिया वैक्सीन, एडफाल्सीवैक्स के निर्माण और व्यावसायीकरण के लिए लाइसेंस प्रदान किए हैं।
- केरल के जवाहरलाल नेहरू उष्णकटिबंधीय वनस्पति उद्यान एवं अनुसंधान संस्थान (JNTBGRI) के शोधकर्ताओं ने मुरीकूटी पाचा (स्ट्रोबिलैन्थेस अल्टरनेटा) का उपयोग करके एक बहुक्रियाशील घाव भरने वाला पैड विकसित किया है।
- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा 04 सितंबर को हरियाणा के सोहना में भारत के सबसे बड़े लिथियम-आयन (Li&ion) बैटरी विनिर्माण संयंत्र (टीडीके कॉर्पोरेशन) का उद्घाटन।
- भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा नवंबर 2025 में इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉनक्लेव (ESTIC) का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा।
- कर्नाटक सरकार ने ग्रेटर बेंगलुरु इंटीग्रेटेड टाउनशिप (GBIT) को भारत की पहली और सबसे बड़ी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) संचालित एकीकृत टाउनशिप के रूप में विकसित करने की घोषणा की है।
- भारत की पहली डिजिटल जनगणना 2027 में पहली बार सभी आवासीय और गैर-आवासीय भवनों, की जियो टैगिंग की जाएगी।
  - जियो-टैगिंग, भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) मानचित्र पर किसी विशिष्ट भवन को एक अद्वितीय अक्षांश-देशांतर निर्देशांक प्रदान करने की प्रक्रिया है।
- भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के तहत एक स्वायत्त संस्थान, नैनो और मृदु पदार्थ विज्ञान केंद्र (CeNS), बेंगलुरु के अनुसंधानकर्ताओं ने भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) के नैनो विज्ञान और इंजीनियरिंग केंद्र (CeNSE) के सहयोग से एल्युमीनियम और एक जल-आधारित घोल का उपयोग करके एक नई बैटरी तकनीक विकसित की है
- इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता सिंपल एनर्जी ने अपने होसुर, तमिलनाडु उत्पादन सुविधा में भारत की पहली रेयर अर्थ फ्री मोटरों का व्यावसायिक रूप से निर्माण शुरू कर दिया है
- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने इंडिया AI मिशन के तहत देशभर में 500 डेटा लैब स्थापित करने की घोषणा की है।
- **प्रथम सॉवरेन मोबिलिटी क्लाउड**
  - UAE द्वारा दुबई वर्ल्ड कांग्रेस फॉर सेल्फ-ड्राइविंग ट्रांसपोर्ट में पेश।
  - कोर 42 के सॉवरेन पब्लिक क्लाउड द्वारा समर्पित
  - माइक्रोसॉफ्ट एज्योर द्वारा संचालित
- पहला सेंट्रल टिश्यू बैंक दिल्ली के मौलाना आजाद कॉलेज (MAIDS) में स्थापित किया गया।

# 05 खेल-कूद

## पहला दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप

- **आयोजन :** 11 से 25 नवंबर तक भारत के नई दिल्ली और बेंगलुरु में आयोजित ।
- ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका की टीमों की भागीदारी।
  - भारत की 16 सदस्यीय टीम भाग लेगी।
- समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड की क्रिकेट शाखा, क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (CABI) द्वारा आयोजित।

## 73वीं इनलाइन स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप-2025

- 13 से 21 सितंबर तक चीन के बेइदाईहे में आयोजित ।
- भारत कुल 5 पदक (3 स्वर्ण, 2 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में 5वें स्थान पर रहा।
- भारतीय पदक विजेता-
  - **आनंदकुमार वेलकुमार**-
    - सीनियर वर्ग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय।
    - दो स्वर्ण (1000 मीटर स्प्रिंट और 42,195 मीटर मैराथन) और एक कांस्य (500 मीटर स्प्रिंट) पदक।
  - **कृष शर्मा** - 1000 मीटर स्प्रिंट में भारत का पहला जूनियर स्वर्ण पदक।
  - **अनीश राज**- जूनियर पुरुष वन लैप स्प्रिंट में कांस्य पदक।

## मरियम फातिमा

- बिहार की पहली महिला फिडे मास्टर (WFM)।

## 17 वाँ एशिया कप 2025

- **आयोजन** - दुबई (UAE), 9 सितम्बर-28 सितम्बर
- **कुल टीम** - 8
  (**समूह A :** भारत, पाकिस्तान, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात
  **समूह B :** श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, हांगकांग)
- **विजेता** - भारत (9वाँ बार)
- **प्लेयर ऑफ द सीरीज** - अभिषेक शर्मा
- **विवाद** - भारतीय टीम ने पाकिस्तान के मोसिन नकवी (ACC अध्यक्ष) से ट्रॉफी स्वीकार करने से इनकार किया।
- नौ खिताबों (सात वनडे और दो 720) के साथ भारत इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है।

## US ओपन

| कैटेगरी | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| ❖ मेंस सिंगल | • कार्लोस अल्काराज (स्पेन) | • जैमिक सिनर (इटली) |
| ❖ वुमेंस सिंगल | • आर्यना सबालेंका (बेलारूस) | • अमांडा अनिसिमोवा (अमेरिका) |
| ❖ मेंस डबल्स | • एम.ग्रैनोलर्स और एच. जेबालोस | • जे. सैलिसबरी और एन. स्कुप्स्की |
| ❖ वुमेंस डबल्स | • ई रॉट लिफे, जी.डाबरोवस्की | • टी. टाउनसेंड, के. सिनियाकोवा |
| ❖ मिक्स्ड डबल्स | • एस. ईरानी, ए. वावसोरी | • आई. स्विटेक, सी. रूड |

- **आयोजन** - 18 अगस्त-7 सितम्बर तक
- **कार्लोस अल्काराज** - करियर का छठा ग्रैंड स्लैम
  - दूसरी बार US ओपन जीता (2022)
- **आर्यना सबालेंका** -लगातार U.S. ओपन जीतने वाली दूसरी महिला खिलाड़ी (पहली-सरेना विलियम्स)
  - करियर का चौथा ग्रैंड स्लेम।
- **यूकी भांबरी** - भारतीय टेनिस खिलाड़ी
  - पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम मेंस डबल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे।
  - जोड़ीदार - माइकल वीनस (न्यूजीलैण्ड)

# अन्य खेल प्रतियोगिताएँ

| क्र.स. | प्रतियोगिता | आयोजन | विजेता | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पुरूष एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप 2025 | राजगीर (बिहार) | भारत ने दक्षिण कोरिया 4–1 हराया | • भारत ने 4th खिताब जीता।<br>• भारत ने नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया। |
| 2. | महिला हॉकी एशिया कप चैंपियनशिप 2025 | 14 सितम्बर, गोंगशु (चीन) | चीन ने भारत 4-1 से हराकर खिताब जीता | • जापान – 3rd स्थान |
| 3. | विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 | लिवरपूल (यूनाइटेड किंगडम) | – | • **भारत ने कुल 4 पदक** (2 स्वण, 1 रजत, 1 कास्य)<br>• **महिला वर्ग**<br>1. **मिनाक्षी हुड्डा**–स्वर्ण पदक, 48 किग्रा<br>2. **जैस्मीन लम्बोरिया**–स्वर्ण पदक, 57 किग्रा<br>3. **नूपुर श्योराण** – रजत पदक 80 किग्रा<br>4. **पूजा रानी** – कांस्य पदक 80 किग्रा। |
| 4. | CAFA नेशंस कप 2025 | 29 अगस्त–8 सितम्बर उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान | उज्बेकिस्तान ने ईरान को 1–0 से हराकर खिताब जीता | • ताजिकिस्तान के हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में भारत ने ओमान को हराकर कांस्य पदक जीता |
| 5. | 75वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 | लुधियाना (पंजाब) | **बालक वर्ग**<br>तमिलनाडु ने पंजाब को 81–76 से हराकर खिताब जीता<br>**बालिका वर्ग**<br>तमिलनाडू ने गुजरात को 100–85 से हराकर खिताब जीता | • बालक वर्ग राजस्थान–कांस्य पदक |
| 6. | FIDE ग्रैंड स्विस 2025 | – | वैशाली रमेशबाबू | • दूसरी बार प्रतियोगिता जीता<br>• 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी महिला शतरंज खिलाड़ी (पहली दो कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख) |
| 7. | FIBA अंडर–16 महिला एशिया कप डिवीजन बी | मलेशिया | भारतीय बास्केटबॉल टीम ने ईरान को 67–66 से हराकर खिताब जीता | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8. | विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 | जाग्रेब (क्रोएशिया) | – | • अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता |
| 9. | डब्ल्यूटीटी युवा स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट अंडर–15 | | | • अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने चीन की झाओ वैगंकी ओर ल्यु झिलिंग की जोडी को हराकर खिताब जीता |
| 10. | बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 (पुरूष युगल) | – | – | • सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी–कांस्य पदक जीता |
| 11. | फुजैरा ग्लोबल सुपर स्टार्स शतरंज टूर्नामेंट 2025 | | विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव वेंकटेश ने स्पेन के ग्रैंडमास्टर एलन पिचोर को हराकर खिताब जीता | – |
| 12. | दलीप ट्रॉफी 2025 | – | सेंट्रल जोन ने साउथ जोन को 6 विकेट से हराकर खिताब जीता | • भारत का एक प्रमुख घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता |

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- भारत 11 से 15 अक्टूबर तक भुवनेश्वर में 28वीं ITTF-ATTU एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा।
- भारत के बिहार में राजगीर स्पोर्ट्स अकादमी को आधिकारिक तौर पर 6 सितंबर को एशियाई हॉकी महासंघ (AHF) से संबद्धता प्राप्त हुई है।
- टाटा स्टील वर्ल्ड 25K कोलकाता का 10वां संस्करण 21 दिसंबर, 2025 को आयोजित किया जाएगा।
- विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा।
- अपोलो टायर्स ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के साथ भारतीय टीम के प्रायोजक के रूप में ढाई साल (मार्च 2028 तक) का करार किया है।
- सर्वेश कुशारे (विश्व चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय हाई जंपर) ने टोक्यो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की ऊंची कूद फाइनल में छठा स्थान (2.28 मीटर) हासिल किया।
- अर्शदीप सिंह एशिया कप में ओमान के खिलाफ मैच में पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 विकेट पूरे करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने है।

# 06 महत्त्वपूर्ण दिवस

| दिनांक | दिवस | विषय |
|---|---|---|
| 1 से 7 सितंबर | राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2025 | बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें |
| 2 सितंबर | विश्व नारियल दिवस | नारियल की शक्ति को उजागर करना, वैश्विक कार्रवाई को प्रेरित करना (Uncovering Coconuts' Power, Inspiring Global Action) |
| 5 सितंबर | शिक्षक दिवस (भारत) | शिक्षार्थियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करना |
| 10 सितंबर | विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 2025 | आत्महत्या पर धारणा बदलना |
| 14 सितंबर | हिंदी दिवस | |
| 15 सितंबर | अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस | लैंगिक समानता प्राप्त करना, कार्रवाई दर कार्रवाई (Achieving Gender Equality, Action by Action) |
| | राष्ट्रीय अभियंता दिवस | |
| 16 सितंबर | विश्व ओजोन दिवस | विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक (From Science to Global Action) |
| 18 सितंबर | विश्व बांस दिवस | अगली पीढ़ी का बाँस : समाधान, नवाचार और डिजाइन (Next Generation Bamboo: Solution, Innovation and Design) |
| 21 सितंबर | अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस | शांतिपूर्ण विश्व के लिए अभी कार्य करें (Act Now for a Peaceful World) |
| 23 सितंबर | राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस (10वां संस्करण 2025, 2016 में शुरू हुआ) | लोगों और पृथ्वी के लिए आयुर्वेद (Ayurveda for People & Planet) |
| | [**DRAVYA** *(Digitized Retrieval Application for Versatile Yardstick of AYUSH Substances)* पोर्टल और **देश का स्वास्थ्य परीक्षण** (एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य मूल्यांकन अभियान) इसी दिन शुरू किए गए।] | |
| | अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस | संकेत भाषा के अधिकार के बिना कोई मानवाधिकार नहीं (No Human Rights Without Sign Language Rights) |
| 25 सितंबर | विश्व समुद्री दिवस *(प्रत्येक सितंबर के अंतिम गुरुवार को मनाया जाता है,)* | हमारा महासागर, हमारा दायित्व, हमारा अवसर (Our Ocean, Our Obligation, Our Opportunity) |
| 26 सितंबर | विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस | स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग (Clean Air, Healthy People) |
| 27 सितंबर | विश्व पर्यटन दिवस | पर्यटन और सतत परिवर्तन (Tourism and Sustainable Transformation) |
| 28 सितंबर | विश्व रेबीज दिवस (19वां संस्करण, 2025) | Act now: You, Me, Community |
| | सूचना तक सार्वभौमिक पहुँच के लिए दिवस | डिजिटल युग में पर्यावरणीय जानकारी तक पहुँच सुनिश्चित करना (Ensuring Access to Environmental Information in the Digital Age) |
| 29 सितंबर | विश्व हृदय दिवस | Don't Miss a Beat |
| 30 सितंबर | अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस | |

# 07 महत्त्वपूर्ण पुस्तकें

| क्र.सं. | पुस्तक का शीर्षक | लेखक |
|---|---|---|
| 1. | 107 दिन | कमला हैरिस |
| 2. | ट्राइल बाइ वॉटर :<br>इंडस बेसिन एण्ड इंडिया–पाकिस्तान रिलेसन्स | उत्तम कुमार सिन्हा |
| 3. | डिफरेंट बट नो लेस | अनुपम खेर |
| 4. | डेमोक्रेसीस हार्टलैंड<br>इनसाइड द बैटल फॉर पॉवर इन साउथ एशिया | एस.वाई. कुरैशी<br>(भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त) |
| 5. | डेमोग्राफी, रिप्रंजेंटेशन, डिलिमिटेशन<br>द नॉर्थ–साउथ डिवाइड इन इंडिया | रवि के मिश्रा |
| 6. | दपन : कश्मीर स्टोरीज ऑफ सरवाइवल | इप्सिता चक्रवर्ती |
| 7. | रॉकेट ड्रीम्स | क्रिश्चियन डेवनपोर्ट |
| 8. | बिलिवर्स डिलेमा<br>(अटल बिहारी वाजपेयी की राजनीतिक जीवनी पर एक पुस्तक) | अभिषेक चौधरी |
| 9. | सेम हार्ट, सेम वर्ल्ड<br>[इसका विमोचन सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने किया,] | डॉ. मनीषा वी. रमेश |

# अति महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ-प्रश्न

**1. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन के बारें में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

1. 25 वें सम्मेलन का आयोजन चीन के तियानजिन में हुआ।
2. 26वें सम्मेलन का आयोजन पाकिस्तान में किया जाना प्रस्तावित है।

**उचित विकल्प का चयन कीजिए-**

[a] केवल 1 सत्य [b] केवल 2 सत्य
[c] A व B दोनों असत्य [d] A व B दोनों सत्य

**2. भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग की 86 वीं बैठक का आयोजन कहाँ हुआ?**

[a] ढाका, बांग्लादेश [b] दिल्ली, भारत
[c] कोलकाता, भारत [d] रंगपुर, बांग्लादेश

**3. 18वें वैश्विक नवाचार सूचकांक (2025) के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

1. इस सूचकांक में स्वीडन प्रथम स्थान पर रहा।
2. भारत का स्कोर 38.2 के साथ 38 वाँ स्थान रहा।
3. यह सूचकांक वर्ल्ड बैंक द्वारा जारी किया गया।

**उचित विकल्प का चयन कीजिए-**

[a] केवल 1 व 2 सत्य [b] केवल 2 सत्य
[c] केवल 2 व 3 सत्य [d] 1, 2 व 3 सभी सत्य

**4. वर्ल्ड टेलेंट रैंकिंग 2025 में भारत का स्थान क्या रहा?**

[a] 62 वाँ [b] 63 वाँ
[c] 65 वाँ [d] 66 वाँ

**5. भारत द्वारा सितंबर, 2025 में पहला विदेशी रक्षा विनिर्माण संयंत्र कहाँ खोला गया?**

[a] नाइजर [b] डिएगो गार्सिया
[c] सोलोमन द्वीप [d] मोरक्को

**6. जुपिटर है-**

1. जापान द्वारा विकसित सुपरकंप्यूटर।
2. दुनिया का सबसे तेज सुपरकंप्यूटर।

**सत्य कूट का चयन कीजिए-**

[a] केवल 1 [b] 1 व 2 दोनों असत्य
[c] केवल 2 [d] 1 व 2 दोनों सत्य

**7. 5वें विश्व सागवान सम्मेलन का आयोजन भारत के किस शहर में हुआ?**

[a] मुम्बई [b] नई दिल्ली
[c] कोच्चि [d] बैंगलुरू

**8. IIM अहमदाबाद का पहला अंतर्राष्ट्रीय परिसर किस शहर में खोला गया है?**

[a] सिंगापुर [b] दुबई
[c] लंदन [d] न्यूयॉर्क

**9. सूची I की वस्तुओं को सूची II से सुमेलित कीजिए। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए-**

| **सूची I (अभ्यास)** | **सूची II (2025 में आयोजन स्थल)** |
|---|---|
| A. 14वाँ मैत्री अभ्यास | i. अलास्का, USA |
| B. 21वाँ युद्धाभ्यास | ii. बेलारुस |
| C. फ्रीडम एज 2025 | iii. मेघालय, भारत |
| D. अभ्यास जापद 2025 | iv. दक्षिण कोरिया |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| [a] | iv | iii | i | ii |
| [b] | iii | i | iv | ii |
| [c] | iii | iv | ii | i |
| [d] | iii | i | ii | iv |

**10. G-4 ग्रुप के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

1. यह चार देशों का एक समूह है जिसमें भारत, ब्राजील, जापान तथा इटली है।
2. सितंबर 2025, में G-4 विदेश मंत्रियों की बैठक का आयोजन न्यूयॉर्क में हुआ।

**कूट :**

[a] कथन 1 व 2 दोनों सत्य
[b] कथन 1 सत्य व कथन 2 असत्य
[c] कथन 1 असत्य व कथन 2 सत्य
[d] कथन 1 व 2 दोनों असत्य

**11. 'डिफरेंट बट नॉ लेस' पुस्तक के लेखक है-**

[a] अनुपम खेर [b] उत्तम कुमार सिन्हा
[c] इप्सिता चक्रवर्ती [d] अभिषेक चौधरी

**12. भारत के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त S.Y. कुरैशी द्वारा हाल ही में लिखी पुस्तक है-**

[a] डेमोग्राफी, रिप्रजेन्टेशन, डिलिमिटेशन
[b] ट्रायल बाइ वॉटर
[c] डेमोक्रेसीस हार्टलैण्ड
[d] बिलिवर्स डिलेमा

**13. विश्व ओजोन दिवस के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
1. यह प्रत्येक वर्ष 16 सितंबर को मनाया जाता है।
2. वर्ष 2025 में इसकी थीम 'फरोम साइन्स टू ग्लोबल एक्शन' थी।

**उचित कूट का चयन कीजिए–**
[a] कथन 1 सत्य
[b] कथन 1 व 2 दोनों सत्य
[c] कथन 2 सत्य
[d] कथन 1 व 2 दोनों असत्य

**14. विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है–**
[a] 27 सितंबर [b] 26 सितंबर
[c] 28 सितंबर [d] 25 सितंबर

**15. 23 सितंबर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 2025, वार्षिक आयोजन के किस संस्करण को चिन्हित करता है तथा इसका विषय क्या था?**
[a] 9वाँ संस्करण; ''दीर्घायु के लिए आयुर्वेद''
[b] 10वाँ संस्करण; ''लोगों और पृथ्वी के लिए आयुर्वेद''
[c] 8वाँ संस्करण; ''एकल स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद''
[d] 11वाँ संस्करण; ''वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद''

**16. स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 की थीम क्या है?**
[a] स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता
[b] विरासत अपशिष्ट को हटाना और गांवों में दृश्य स्वच्छता में सुधार करना
[c] स्वच्छोत्सव
[d] स्वभाव से स्वच्छता

**17. किस वर्ष को ''जनजातीय गौरव वर्ष'' के रूप में घोषित किया गया है।**
[a] 2024-25 [b] 2025-26
[c] 2021-22 [d] 2023-24

**18. ''प्रोजेक्ट विजयक'' किस संगठन द्वारा संचालित परियोजना है।**
[a] भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
[b] सीमा सड़क संगठन
[c] केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
[d] रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

**19. चौथा वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के 'भागीदार देश' कौनसे है?**
[a] न्यूजीलैंड, सऊदी अरब
[b] रूस, वियतनाम
[c] जापान, यूएई
[d] सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया

**20. केरल के मत्स्य विभाग ''ब्लू टाइड्स-टू शोर्स वन विजन'' किसके सहयोग से आयोजित किया गया।**
[a] ब्रिक्स
[b] अफ्रीका संघ
[c] यूरोपीय संघ
[d] अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन

**21. ''ईट राइट थाली'' पुस्तक का विमोचन किस सम्मेलन/एक्सपो में किया गया?**
[a] वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन
[b] वर्ल्ड फूड इंडिया सम्मेलन
[c] राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन
[d] इंडिया मेडटेक एक्सपो

**22. राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) इंडिया रैंकिंग 2025 से संबंधित कथनों पर विचार कीजिए–**
1. यह कुल 9 श्रेणियों और 8 विषय क्षेत्र में जारी की जाती है।
2. समग्र श्रेणी में IIT, मद्रास लगातार 8वें वर्ष शीर्ष पर रहा।
3. 2025 में जोड़ी गई सतत् विकास लक्ष्य श्रेणी में भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरू शीर्ष पर रहा।

**उपरोक्त कथनों के आधार पर सही कूट का चयन कीजिए–**
[a] 1 व 2 दोनों सत्य है
[b] 2 व 3 दोनों सत्य है
[c] केवल 1 सत्य है
[d] केवल 3 सत्य है

**23. राज्य वित्त 2022-23 पर नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार, सबसे कम राजकोषीय घाटा निम्नलिखित में से किस राज्य का है?**
[a] राजस्थान [b] तेलंगाना
[c] पंजाब [d] गुजरात

**24. हाल ही में कि गई नियुक्तियों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा युग्म असुमेलित है?**
[a] 15वें उपराष्ट्रपति – सी.पी.राधाकृष्णन
[b] महालेखा नियन्त्रक – टी.सी.ए. कल्याणी
[c] UAE के राजदूत – अजय सेठ
[d] पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश – न्यायामूर्ति पवन कुमार भीमप्पा बजंथरी

**25. ''वांगचू जलविद्युत परियोजना'' के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा/से कथन सही है/हैं?**

1. यह ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी पर स्थित एक ''रन ऑफ-रिवर परियोजना है।''
2. इसके लिये भूटान द्वारा अडानी पावर लिमिटेड के साथ शेयर धारक समझौता किया गया।

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**

[a] केवल 2 [b] केवल 1
[c] 1 व 2 दोनों [d] 1 व 2 दोनों असत्य

**26. हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित पूर्णत: सौर ऊर्जा संचालित ''धोरडो'' गाँव किस राज्य में स्थित है।**

[a] झारखण्ड [b] मध्यप्रदेश
[c] गुजरात [d] महाराष्ट्र

**27. राष्ट्रीय पोषण माह-2025 के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है-**

[a] यह समग्र पोषण योजना (पोषण) अभियान के अन्तर्गत प्रारम्भ किया गया।
[b] इसकी शुरूआत धार, मध्यप्रदेश से की गई।
[c] देशभर में राजस्थान इसके आयोजन में द्वितीय स्थान पर रहा।
[d] इसके मुख्य विषयों में ''एक पेड़ माँ के नाम'' सम्मिलित है।

**28. 18 वां इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड (IESO-2025) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. भारत ने कुल 7 पदक (1 स्वर्ण, 4 रजत, 2 कास्य जीते)
2. रयांश गुप्ता ने 1 स्वर्ण, 1 रजत और अपम निधि पांडे ने 1 रजत जीता।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?**

[a] केवल 1 [b] केवल 2
[c] 1 और 2 दोनों [d] न तो 1 और न ही 2

**29. डिएला (Diella) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. अल्बानिया की सरकार ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए नियुक्त विश्व का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) जनित सरकारी मंत्री।
2. अल्बानिया की नेशनल एजेंसी फॉर सोसाइटी द्वारा माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग विकसित।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?**

[a] केवल 1 [b] केवल 2
[c] 1 और 2 दोनों [d] न तो 1 और न ही 2

**30. विक्रम-3201 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित 64-बिट माइक्रोप्रोसेसर।
2. इसरो (ISRO) के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र, तिरूवनंतपुरम और चंडीगढ़ स्थित इसरो की सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला द्वारा विकसित।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौनसा/से सत्य है/है?**

[a] केवल 1 [b] केवल 2
[c] 1 और 2 दोनों [d] न तो 1 और न ही 2

**31. भारत का पहला बांस आधारित बायो-एथेनॉल संयंत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (NRL) की सहायक कंपनी असम बायो-एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड (ABEL) द्वारा फिनलैंड की फोर्टम एंड चेमपोलिस OY के सहयोग से विकसित।
2. बांस को 3G (तृतीय पीढ़ी) एथेनॉल में परिवर्तित करेगा।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौनसा/से असत्य है/हैं?**

[a] केवल 1 [b] केवल 2
[c] 1 और 2 दोनों [d] न तो 1 और न ही 2

**32. प्रत्यूष (PRATUSH) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. रमन रिसर्च इंस्टीटयूट (PRI) द्वारा विकसित किया जा रहा डिजिटल रिसीवर सिस्टम
2. सूर्य की कक्षा में स्थापित किया जाने वाला एक 'भविष्य का रेडियोमीटर'।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौनसा/से असत्य नहीं है/हैं?**

[a] केवल 1 [b] केवल 2
[c] 1 और 2 दोनों [d] न तो 1 और न ही 2

**33. केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Meity) ने इंडिया AI मिशन के तहत् देशभर में कितनी डेटा लैब स्थापित करने की घोषणा की है?**

[a] 100 [b] 300
[c] 500 [d] 1000

**34. 73 वीं इन लाइन स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप-2025 में भारत के खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन के लिए निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए-**

1. आनंद कुमार वेलकुमार ने सीनियर वर्ग में दो स्वर्ण (1000 मीटर स्प्रिंट और 42,195 मीटर मैराथन) और एक कांस्य (500 मीटर स्प्रिंट) पदक जीते।
2. कृष शर्मा ने जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक (1000 मीटर स्प्रिंट में) जीता।

[a] केवल कथन 1 सत्य है।
[b] कथन 1 और 2 दोनों सत्य है।
[c] कथन 1 और 2 दोनों असत्य है।
[d] केवल कथन 2 सत्य है।

**35. प्रथम दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्वकप संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. इसका आयोजन 11 से 25 नवम्बर तक भारत के नई दिल्ली और बेंगलुरू में आयोजित होगा।
2. इसका आयोजन समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड की क्रिकेट शाखा, क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (CABI) द्वारा करवाया जायेगा।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?**

[a] केवल 1 [b] केवल 2
[c] न तो 1 ना ही 2 [d] 1 और 2 दोनों

**36. जयपुर में आयोजित भारतीय यूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के अंडर-19 वर्ग में निम्नलिखित में से किन खिलाड़ियों ने जीता है?**

[a] रूद्रा सिंह और करण सिंह
[b] प्राची द्विवेदी और युशा नफीस
[c] रूद्रा सिंह और युशा नफीस
[d] प्राची द्विवेदी और करण सिंह

**37. किस कम्पनी ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के साथ भारतीय टीम के प्रायोजक के रूप में ढाई साल (मार्च, 2028 तक) का करार किया है?**

[a] टाटा ग्रुप [b] हीरो ग्रुप
[c] अपोलो टायर्स [d] रिलायंस ग्रुप

**38. सितम्बर 2025 में सेवानिवृत IAS अधिकारी राजेश्वर सिंह को किस पद पर नियुक्त किया गया है?**

[a] RPSC अध्यक्ष
[b] राजस्थान राज्य निर्वाचन आयुक्त
[c] कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश
[d] राजस्व बोर्ड अध्यक्ष

**39. राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा सही हैं?**

1. कोचिंग संस्थानों को कम से कम चार समान किश्तों में शुल्क भुगतान लेना अनिवार्य किया गया है।
2. पंजीकरण हेतु आवश्यक न्यूनतम छात्र संख्या 50 से बढ़ाकर 100 कर दी गई है।
3. दूसरे उल्लंघन पर जुर्माने की राशि रु. 5 लाख से घटाकर रु. 2 लाख कर दी गई है।

**कूट :**

[a] केवल 1 [b] केवल 1 और 2
[c] केवल 2 और 3 [d] 1, 2 और 3 सभी

**40. 67वें रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, 2025 के लिए चुनी गई भारतीय गैर-लाभकारी संस्था 'एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली' का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**

[a] जयपुर [b] दिल्ली
[c] राजस्थान [d] मुम्बई

**41. प्रधानमंत्री द्वारा सितम्बर 2025 में उद्घाटित 'माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना' की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता कितनी होगी?**

[a] 1400 मेगावॉट [b] 2100 मेगावॉट
[c] 2800 मेगावॉट [d] 4200 मेगावॉट

**42. हाल ही में रामसर आर्द्रभूमि की सूची में शामिल किया गया 'मेनार वेटलैंड कॉम्प्लेक्स' राजस्थान के किस जिले में स्थित है?**

[a] राजसमंद [b] उदयपुर
[c] फलौदी [d] प्रतापगढ़

**43. राजस्थान की नवीन हिल पॉलिसी (मॉडल विनियम-2024) के अनुसार, 'श्रेणी ब' (8-15 डिग्री ढलान) की पहाड़ियों पर निम्न में से कौनसी गतिविधियाँ अनुमत हैं?**

[a] भू-उपयोग परिवर्तन एवं निर्माण
[b] किसी भी प्रकार का निर्माण निषेध
[c] फार्महाउस, रिसॉर्ट्स और ऊर्जा संयंत्र
[d] केवल सार्वजनिक उपयोग

**44. ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक मुक्त आयोजनों को बढ़ावा देने हेतु शुरू की गई 'बर्तन बैंक योजना' के संबंध में असत्य कथन की पहचान करें-**

[a] प्रदेश का प्रथम बर्तन बैंक खैराबाद (कोटा) में स्थापित किया गया।
[b] इसका संचालन एवं निगरानी राजीविका द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जाएगा।
[c] प्रत्येक बर्तन सेट के लिए 3 रूपये प्रति उपयोग किराया निर्धारित है।
[d] चयन प्रक्रिया 'लॉटरी सिस्टम' पर आधारित है।

**45. कजाकिस्तान में आयोजित 'वर्ल्ड कैडेट शतरंज चैम्पियनशिप, 2025' में कांस्य पदक जीतने वाली कियाना परिहार का संबंध किस जिले से है?**

[a] जयपुर [b] जोधपुर
[c] उदयपुर [d] बीकानेर

**46. राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा हैंगिंग ब्रिज किस जिले की चीखली ग्राम पंचायत में बनकर तैयार हुआ है?**

[a] कोटा [b] राजसमंद
[c] डूंगरपुर [d] बाँसवाड़ा

**47. राजस्थान सरकार का पर्यटन विभाग किस तिथि को जयपुर में प्रथम 'घूमर फेस्टिवल' का आयोजन करेगा?**

[a] 15 अक्टूबर, 2025
[b] 25 अक्टूबर, 2025
[c] 15 नवंबर, 2025
[d] 25 नवंबर, 2025

**48. राजस्थान शिक्षा विभाग को किस नवाचारी पहल के लिए 'गोल्ड स्कॉच अवॉर्ड-2025' से सम्मानित किया गया?**

[a] हरियालो राजस्थान अभियान
[b] नि:शुल्क पाठयपुस्तक वितरण
[c] डिजिटली शाला स्वास्थ्य परीक्षण पहल
[d] मिड-डे-मील योजना

**49. देश का प्रथम सरकारी कॉस्मेटिक लेजर इंस्टीट्यूट कहाँ स्थापित किया गया है?**

[a] एम्स, जोधपुर
[b] जे.के.लोन अस्पताल, जयपुर
[c] सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर
[d] पीबीएम अस्पताल, बीकानेर

**50. 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत, शिक्षा विभाग ने एक ही दिन में लगभग कितने पौधे लगाकर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराया?**

[a] 12 लाख 4 हजार
[b] 15 लाख 4 हजार
[c] 17 लाख 4 हजार
[d] 20 लाख 4 हजार

# ANSWER KEY

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| a | c | b | b | d | b | c | b | b | c | a | c | b | a | b |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| c | a | b | a | c | a | c | d | c | c | c | c | c | c | b |
| 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 | 41 | 42 | 43 | 44 | 45 |
| b | a | c | b | d | c | c | b | b | c | c | b | c | d | c |
| 46 | 47 | 48 | 49 | 50 | | | | | | | | | | |
| c | c | c | c | c | | | | | | | | | | |

# टॉपर्स टॉक



Rank - 191
(RAS-2021)

## प्रवीण सिंह सोढ़ा

| | | |
|---|---|---|
| पिता | - | श्री अचलसिंह सोढ़ा |
| माता | - | श्रीमती रसाल कंवर |
| 10th | - | मयूर नोबल्स एकेडमी बाड़मेर (52%) |
| 12th | - | मयूर नोबल्स एकेडमी बाड़मेर (61%) |
| स्नातक | - | जय नारायण व्यास वि.वि. जोधपुर (55%) |

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में आपकी उपलब्धि पर बधाई!**

**प्रवीण सिंह :** बहुत-बहुत आभार

**प्रश्न : आपकी पारिवारिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में बताइये आपकी तैयारी में इनकी क्या भूमिका रही?**

**प्रवीण सिंह :** मेरे पिताजी शिक्षा विभाग में व्याख्याता पद से सेवानिवृत्त है, मेरे बड़े भाईसाहब प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत है, जिनकी वजह से मुझे उनकी प्रेरणा से ही प्रतियोगी परीक्षा में आने का प्रोत्साहन मिलता रहा।

**प्रश्न : आपने आर.ए.एस. परीक्षा की तैयारी कब से शुरू की और आपके अनुसार इस परीक्षा की तैयारी के लिए कितना समय पर्याप्त है?**

**प्रवीण सिंह :** 2015 में मेरा चयन तृतीय श्रेणी अध्यापक के पद पर हो गया था। उसके बाद 2016 से RAS की तैयारी में लग गया। मेरे अनुसार अगर कोई फ्रेशर इस तैयारी में लगता है और सही मार्गदर्शन, अनुशासन में रहे तो वह 2 साल में पाठ्यक्रम कवर कर लेगा और कोई पहले से किसी सर्विस में हो या बेसिक तैयारी हो तो वह 1 साल में पाठ्यक्रम कवर कर सकता है।

**प्रश्न : क्या प्रारंभ से ही आपका लक्ष्य सिविल सेवा में जाना था तथा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आपके प्रेरणा स्रोत कौन रहे?**

**प्रवीण सिंह :** प्रारम्भ में सिविल सेवा के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। शिक्षक बनने के बाद एक बार जयपुर आकर स्प्रिंग बोर्ड में सेमिनार में भाग लिया, तब से ठान लिया कि अब सिविल सेवक बनना ही है।

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में कोचिंग की क्या भूमिका है? क्या स्वाध्याय से भी इस परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है ?**

**प्रवीण सिंह :** सिविल सेवा परीक्षा एक विस्तृत प्रक्रिया है, जिससे सतत् रूप से जुड़े रहना जरूरी है। इसलिए कोचिंग एक प्लेटफॉर्म प्रदान करती है, सारगर्भित कंटेंट प्रस्तुत करना तथा विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास करती है। हालांकि अगर आपका बेसिक ज्ञान अच्छा है, विषयों पर पकड़ अच्छी है तो स्वाध्याय से भी इसमें सफलता अर्जित कर सकते है।

**प्रश्न : कोचिंग के लिए किसी संस्थान का चयन करने के लिए क्या मापदण्ड होने चाहिए ? क्या आपने किसी कोचिंग संस्थान से तैयारी की है ?**

**प्रवीण सिंह :** मेरे हिसाब से कोचिंग चयन के मापदण्ड में वहाँ के शिक्षक, पाठ्यसामाग्री, पिछली सफलताएँ और शेड्यूल देखना जरूरी है। मैंने स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी, जयपुर से तैयारी की तथा संस्थान मेरी उम्मीदों पर खरा उतरा।

**प्रश्न : परीक्षा में आपका भाषायी माध्यम क्या था ? सिविल सेवा में सफल होने के लिए भाषाई माध्यम की भूमिका के बारे में बताइये?**

**प्रवीण सिंह :** मेरा माध्यम हिन्दी था।

भाषा आपकी अभिव्यक्ति शैली पर निर्भर है। अगर आपकी

अभिव्यक्ति क्षमता अच्छी है तो आप किसी भी भाषा माध्यम से हो कोई फर्क नहीं पड़ता।

**प्रश्न : मुख्य परीक्षा में लेखन शैली को बेहतर बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?**

**प्रवीण सिंह :** निरन्तर अभ्यास, संपादकीय लेखों का गहनतापूर्ण अध्ययन, अपनी कमियों को पहचानना और उसमें सुधार करना, नियमित लेखन अभ्यास करते रहना।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान आपने कौनसी अध्ययन सामग्री का उपयोग किया ?**

**प्रवीण सिंह :** स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी, जयपुर की अध्ययन सामग्री के साथ-साथ विषय विशेषज्ञों से नियमित संवाद।

**प्रश्न : प्रारम्भिक तथा मुख्य परीक्षा में शॉर्ट नोट्स की क्या नोट्स की क्या भूमिका रहती है ?**

**प्रवीण सिंह :** शॉर्ट नोट्स किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सफलता का मुख्य आधार होते है। RAS परीक्षा में शॉर्ट नोट्स रिवीजन का मुख्य आधार है विस्तृत पाठ्यक्रम होने के कारण ये कम समय में रिवीजन में सहायक होते है।

**प्रश्न : मॉक साक्षात्कार की भूमिका के बारे में बताइए तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग में आपके साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?**

**प्रवीण सिंह :** मॉक साक्षात्कार आपको उस वातावरण के साथ मित्रवत बना लेता है जो हमें मुख्य साक्षात्कार में देखने को मिलता है।

मेरा साक्षात्कार का अनुभव शानदार रहा, मैनें स्प्रिंगबोर्ड में कई सारे मॉक दिए थे, इसलिए मुख्य साक्षात्कार बहुत अच्छा गया।

**प्रश्न : आपकी सफलता में शिक्षकों के योगदान के बारे में बताइये?**

**प्रवीण सिंह :** शिक्षकों के द्वारा दिए जाने वाले दिशानिर्देश तैयारी में मील के पत्थर साबित होते है। उनका समर्पण व नि:स्वार्थ का भाव हमे बेहतर करने को प्रेरित करता है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान मित्रों की क्या भूमिका रही ?**

**प्रवीण सिंह :** मित्रों का समूह सहयोगी, अनुशासित और सकारात्मक प्रवृति का हो तो तैयारी और भी आसान हो जाती है। मेरे पास खुशकिस्मती से ऐसा ही ग्रुप था। इससे ग्रुप डिस्कशन का भी महत्व बढ़ जाता है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान सबसे मुश्किल समय कौनसा था?**

**प्रवीण सिंह :** समय पर एग्जाम न होना, उनका स्थगित होना जिससे निरन्तरता प्रभावित होती थी, यह काफी मुश्किलों भरा समय था।

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा की लम्बी अवधि के कारण सतत् रूप से तैयारी करने के लिए खुद को कैसे प्रोत्साहित रखा?**

**प्रवीण सिंह :** चुंकि यह मेरा खुद का लक्ष्य था, घर वालों का स्वप्न भी था, और सिविल सेवा में आने के बाद आपके जीवन में कई प्रक्रियात्मक बदलाव होते है। यह सब चीजें मुझे प्रोत्साहित करती थी।

**प्रश्न : प्लान-बी के बारे में आपका क्या विचार है ?**

**प्रवीण सिंह :** मेरे विचार से प्लान-बी हमेशा रखना चाहिए। क्योंकि कई बार चयन समय, परिस्थिति, भाग्य आदि कई कारकों पर निर्भर करता है।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा में चयन के पश्चात् आपके जीवन में क्या बदलाव आया ?**

**प्रवीण सिंह :** चयन के पश्चात् एकदम से जान-पहचान बढ़ गई। अच्छे लोगों से संपर्क स्थापित होने शुरू हुए। खुद की नजरों में खुद के लिए इज्जत बढ़ने लगी।

**प्रश्न : एक अधिकारी के रूप में आप कौनसे बदलाव लाने के लिए काम करेंगे ?**

**प्रवीण सिंह :** सरकारी योजनाओं की अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँच, सार्वभौमिक सहभागिता सुनिश्चित करना आधुनिक तकनीक का प्रयोग आम जन की बेहतरी के लिए करना इत्यादि।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा के लिए मासिक समसामयिकी पत्रिका की क्या उपयोगिता है ?**

**प्रवीण सिंह : मासिक समसामयिकी पत्रिका प्रारम्भिक, मुख्य और साक्षात्कार तीनों स्तरों पर बहुत लाभदायक है। वर्तमान में स्प्रिंगबोर्ड की मासिक-समसामयिकी पत्रिकाएँ RPSC के बदलते परीक्षा पैटर्न के अनुकूल है। उनका नियमित अध्ययन अवश्य किया जाना चाहिए।**

**प्रश्न : आपकी सफलता का मूलमंत्र बताइये ?**

**प्रवीण सिंह :** दृढ़ निश्चय, ईमानदारी से प्रयास, अनुशासन, अपनी कमियों को स्वीकारना और उसमें सुधार करना।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान समय प्रबंधन कैसे किया ?**

**प्रवीण सिंह :** समय प्रबंधन के लिए मैंने अपने अध्ययन हेतु मिलने वाले समय का विस्तृत टाइम टेबल बनाया शुरूआत में हर माह का फिर परीक्षा नजदीक आने पर 15 दिन, 10 दिन इस प्रकार टाइम टेबल बनाया। और उसे ईमानदारी से उसका अनुसरण किया।

**प्रश्न : प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं!**

**प्रवीण सिंह :** धन्यवाद!, बहुत-बहुत आभार आपका।